CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 24°C

नई दिल्ली, गुरुवार 10 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 98 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 14 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल पेज 2



टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे शुभमन गिल खेल टाइम्स



ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा सम्पादकीय



दावा: पूर्व पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का दिया था आदेश पेज 2

## योगी ने छांगुर बाबा को दी जल्लाद की संज्ञा



**कहा: राष्ट्रविरोधी व समाज विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे**

**आजमगढ़, वार्ता**

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्रवाई में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंगलवार को बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है।

वह जल्लाद हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे।

### छांगुर बाबा की कोठी में छह जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले, कोठी पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, बाथरूम से विदेशी सामान बरामद

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। बलरामपुर में प्रशासन की टीम बुधवार सुबह 10 बजे कोठी में पहुंची। जहां लाल निशान लगा, उसे तोड़ना शुरू कर दिया। कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा। छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। 3 बीघे में करीब 3 करोड़ की लागत से बनी कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को प्रशासन ने अवैध बताया है।

### ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का बुधवार को देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही। बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखाई दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रूप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ।

### एनआईए ने लश्कर से जुड़े मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े उग्रवादी की जेल में मदद करने के आरोप में जेल के मनोचिकित्सक और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक बेंगलुरु और कोलार जिलों में पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान केंद्रीय कारागार, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु के मनोचिकित्सक डा. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक चांद पाशा और एक फरार आरोपी जुनैद अहमद की मां अनीस फातिमा के तौर पर की गई है। एजेंसी के अनुसार छापेमारी में आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

### युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गई है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है।

### जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## ब्रिक्स से चिढ़ गए ट्रम्प

### भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर एक अगस्त से 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए बनाया गया था। जो भी ब्रिक्स में हैं उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ट्रम्प ने कहा कि डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी 10 फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि उनकी वजह से अमेरिका को नुकसान हुआ। ट्रम्प ने कहा कि मेरे पहले टर्म में सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ जमा हुए। तब कोई महंगाई नहीं थी, वह देश का सबसे सफल आर्थिक समय था। मुझे लगता है कि इस बार और बेहतर होगा। हमने अभी शुरू भी नहीं किया और 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टैरिफ जमा हो चुके हैं। कुछ देश निष्पक्ष व्यापार चाहते हैं, कुछ बिगड़ गए हैं। सालों से उन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। अगर अमेरिका के पास पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता, तो आपका स्टैंडर्ड गिर जाता, यहां डॉलर नहीं होता। यह एक वर्ल्ड वॉर हारने जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। टैरिफ का मकसद निष्पक्षता लाना है, लेकिन अगर कोई देश निष्पक्ष समझौता करना चाहे, तो बातचीत हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एक अगस्त की डेडलाइन फिक्स है, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं कहूंगा पक्की है, लेकिन 100 फीसदी नहीं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- डॉलर राजा है, इसे चुनौती देने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी**



## गुजरात में महिसागर नदी पर पुल गिरा, 13 लोगों की मौत

**वडोदरा, वार्ता**



**गुजरात में** वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गए। उन्होंने बताया कि अब तक 13 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मोदी ने गुजरात हादसे में मरे लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुजरात के वडोदरा ज़िले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद का ऐलान**

## उत्तराखंड में बादल फटा

**■ अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे प्रयागराज में चार मौतें**

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश हुई है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है।

### पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

## उदयपुर फाइल्स के खिलाफ तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बुधवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर तत्काल विचार करने से इन्कार किया, लेकिन उनकी ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वो 14 जुलाई को (गर्मी की छुट्टियों के बाद) अदालतें फिर से सामान्य रूप से खुलने पर मामले का उल्लेख कर सकते हैं। जावेद उदयपुर के 2022 को कन्हैया लाल तेली हत्याकांड के आरोपियों में शामिल है। उसने 11 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।

### तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, एनआईए ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगी। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है।

## वोटर लिस्ट में कोई गैर भारतीय नहीं रहेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ स्क्रीनिंग का बिहार मॉडल पूरे देश में लागू करने की तैयारी, अगला नंबर असम और बंगाल का**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची की स्क्रीनिंग पर मचे राजनीतिक कोहराम के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने साफ किया है कि यह कवायद देश के हर राज्य में की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी।

इसके जरिये ईसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई गैर भारतीय वोटर लिस्ट में न रहे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि अगली बारी उन राज्यों की है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी शामिल हैं। बिहार में चुनाव के बाद इन राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इस कवायद की असली परीक्षा असम और पश्चिम बंगाल में होगी। यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर पहले से राजनीति गरमाई हुई है। 2029 से पहले सभी राज्यों में स्क्रीनिंग करने की योजना अगले फेज में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर का नंबर है। यहां 2027 में चुनाव हैं। सूत्रों ने बताया कि 2029 में लोकसभा चुनाव से पहले सभी राज्यों की वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग पूरी करने की योजना है। 2028-29 में 17 राज्यों के चुनाव हैं। वहीं, विपक्ष ने आयोग के फैसले पर सवाल उठाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि नागरिकता तय करना आयोग का नहीं, सरकार का काम है। स्क्रीनिंग के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज मान्य नहीं हैं, जबकि बिहार के 90 फीसदी लोगों के पास यही हैं। लाखों लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। मामले 10 जुलाई को सुनवाई होनी है।

## भारत-नामीबिया ने रक्षा तथा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**विडहोक/नई दिल्ली।** नामीबिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबियाई राष्ट्रपति डा. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और रक्षा तथा सुरक्षा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा और मैंने आज अपनी वार्ता के दौरान भारत-नामीबिया संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की।

### मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

**विडहोक/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खास मौकों पर लगाएं आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में पेड़: आनंदीबेन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोगों से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन या शादी की सालगिरह जैसे खास मौकों पर आंगनबाड़ी केंद्रों या स्कूलों में जाकर बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं। इससे समाज में नए संस्कार जन्म लेंगे और आपके खास दिन की याद भी लंबे समय तक बनी रहेगी। श्रीमती पटेल बुधवार को भारतीय सेना की बम विस्फोटक कंपनी परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम शामिल होने आई थी। उन्होंने परिसर में पीपल नीम और बरगद के पौधे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मजबूती देने की अपील की। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट दिए। राज्यपाल ने कहा कि आज बच्चों को चिड़िया दिखाने के लिए घरों में घोंसला बनाकर रखना पड़ता है।

### उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: अजय राय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बलात्कार, हत्या, डकैती और छिनैती की घटनाओं पर योगी सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में राय ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों की नौकरियों के अवसर खत्म किए जा रहे हैं, जिससे पढ़ा-लिखा नौजवान हताश और बेरोजगार होता जा रहा है।

# दावा: हसीना ने दिया था प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश

### तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का आडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

**ढाका, वार्ता**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरकारी अफसर से बातचीत का आडियो लीक हो गया है।

बीबीसी ने आडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन काल पर शेख हसीना ने कहा कि मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे। बीबीसी के मुताबिक, यह आडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन काल के दौरान रिकार्ड किया गया था। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का आडियो इस साल मार्च में लीक हुआ बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस काल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1400 लोग मारे गए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त, 2024 की है, जब वे हेलिकाप्टर से देश छोड़कर भाग गई थीं। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर

### कार्यालय/कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांके. तिक हड़ताल की।

उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजी. नियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।



उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने रौंपे पौधे

# आठ साल में हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला: योगी

**अयोध्या, वार्ता**



**कहा: पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में हरित क्रांति के जरिये हीटवेब को ग्रीनवेव में बदलने का काम किया है।

योगी ने यहां रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है।

योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमि पुत्रों पृथिव्या' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है, जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है।

### वृक्षारोपण महाअभियान: उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और धरा को हरा भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में पौधारोपण महाभियान-2025 बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ शुय हुआ और दोपहर 12 बजे तक पूरे प्रदेश में 17 करोड़ 57 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके थे। एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में सुबह से ही पौधरोपण का सिलसिला शुय हो गया। नदियों, तालाबों, एक्सप्रेस वे, राजमार्ग के किनारे और पार्कों में वृक्षारोपण अभियान में युवाओं के अलावा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या में हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के उपरांत दशरथ पथ पर स्थित रामपुर हलवारा गांव गए और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौध रोपण किया।

# बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

**पटना, वार्ता**



**कहा: महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे**

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो। राहुल बोले कि विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई।



**सेंसेक्स** 83625.89
**निफ्टी** 25424.35



**सोना रु.** 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107500
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



स्थानीय शेयर बाजारों में देश विदेश की आर्थिक परिस्थितियों के मिले-जुले संकेतों के बीच सीमित कारोबार में बुधवार को हल्की गिरावट दर्ज की गई। मुंबई बाजार का संवेदी सूचकांक 176.43 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 46. 40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में तनाव और अमेरिका में विभिन्न देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क की घोषणाओं से निवेशक रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए हैं, लेकिन घरेलू बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी, अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं में निवेश तथा ग्रामीण मांग में सुधार के संकेतों से स्थानीय बाजार में भरोसा बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह गिरावट के साथ 83,625.89 पर खुला और ऊपर में 83,781.36 तथा नीचे में 83,382.28 तक गया। कल बाजार 83,712.51 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में अधिकतर समय एक सीमित लाभ में रहने के बाद आखरी दौर में बिकवाली का दबाव बढ़ने से बाजार नीचे चला गया। बीएसई में 13 शेयरों में 0.17 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के दायरे में लाभ हुआ, जबकि 17 शेयरों में 0.06 प्रतिशत से 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई में लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस (1.40 प्रतिशत), हिंदुस्तान लीवर (1.24 प्रतिशत) और अल्ट्रासेमको (0.90 प्रतिशत) प्रमुख हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एनटीपीसी और कोटक बैंक भी लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में एचसीएल टेक 2.03 प्रतिशत गिरा जबकि टाटा मोटर्स का शेयर 0.06 हानि में बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाइटन, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अदानी पोर्ट, एलएंडटी, रिलायंस और टाटा स्टील जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। एनएसई का निफ्टी 50 सुबह 25,514.60 पर खुल का ऊपर में 25,548.70 और नीचे में 25,424.35 तक गया। एनएसई में कुल 3030 शेयरों में खरीद फरोख्त हुई, जिनमें 1477 लाभ में और 1455 हानि में बंद हुए निफ्टी बैंक 0.07 प्रतिशत और निफ्टी.100 0.16 प्रतिशत की गिरावट से बंद हुए, निफ्टी मिडकैप 0.13 प्रतिशत नीचे रहा।

### सोना 887 कम होकर 96,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख रुपये किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार 9 जुलाई को गिरावट रही। 24 कैरेट सोने का दाम 887 कम होकर छ96,085 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 96,972 पर था। वहीं चांदी की कीमत 220 कम होकर घ1,07,280 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,500 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, भोपाल- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050।

# डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नरम

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में तांबे और औषधियों पर आयात शुल्क बढ़ाने के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ट्रड ईआई की घोषणाओं, भारत-अमे. रिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में सुधार के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में बुधवार को करीब आठ पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

रुपया आज प्रति डालर 85.7979 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि अमेरिकी मुद्रा कल 85.7188 के स्तर पर थी। बुधवार को एशियाई बाजारों के कारोबार की अवधि में अमेरिकी डॉलर सूचकांक बढ़कर 97.55 के आसपास पहुंच गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दवा और अन्य चुनिदा क्षेत्रों पर शुल्कों में और भी भारी वृद्धि कर सकते हैं। इस बीच फारेक्स बाजार में कारोबारियों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति निर्धारक समिति की फेड ओप मार्केट कमेटी (एमओएमसी) की पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के प्रकाशन का इंतजार है। इसमें बाजार फेड की भविष्य की ब्याज दर नीति की संभावनाओं की तलाश करेगा। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.070 प्रतिशत की तेजी के साथ 67.63 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। एक समय यह 67.93 तक चढ गया था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) जिंस एवं विदेशी विनिमय बाजार जतिन त्रिवेदी ने बाजार पर टिप्पणी में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत जारी रहने की खबरों और अमे. रिका में बढ़े हुए शुल्कों को लागू करने का समय बढ़ाने की संभावना से संभलने में मदद मिली है। उनकी राय में आने वाले समय में रुपये के प्रति डालर 85.30 से 86.20 के दायरे में रहने की संभावना है।

# मुख्तार अंसारी की जमीन पर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण होगा

**डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दिवंगत मुख्तार अंसारी के आवास की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण शुरू करेगा।

लखनऊ के डालीबाग इलाके में प्राइम लोकेशन पर यह जमीन मुख्तार अंसारी और उनके परिवार की थी, लेकिन इसे ध्वस्त कर दिया गया और यह इलाका गरीबों के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट बनाने के लिए एलडीए को दे दिया गया। 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण अगले महीने शुरू होगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया ने डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था। जिस जमीन पर यह इमारत बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम थी। 2020 में जमीन मुक्त होने के बाद एलडीए ने करीब दो साल में प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैट बनाए। मुख्तार अंसारी ने पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति हड़पकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम आलीशान मकान बनवा लिया था। ये संपत्तियां सरक. ारी थीं और इन्हें शत्रु संपत्ति के तौर पर चिन्हित किया गया था। जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,327.54 वर्ग फीट है और एलडीए ने तीन मंजिला मकान बनाए हैं। एक फ्लैट की औसत कीमत 4.50 लाख रुपये है। सूत्रों का कहना है कि मुख्तार अंसारी ने पहले फरहत अंसारी के नाम से डालीबाग में बिना नक्शे के मकान बनवाया था। बाद में एलडीए ने फर्जी कागजात के आधार पर नक्शा पास करा लिया। नक्शा वर्ष 2007 में पास हुआ था, लेकिन 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अवैध प्रक्रिया का पता चला।

# एल्कोबेव सेक्टर से यूपी को 56 हजार करोड़ का राजस्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में एक्लोबेव सेक्टर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूपी के एल्कॉहलिक बेवरेज उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मार्केट रेवेन्यु में 56 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो राज्य के जीडीपी का 2.4 फीसदी है।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएस डब्ल्यूएआई) ने बुधवार को प्रदेश के एल्कॉहलिक बेवरेज (एल्कोबेव) उद्योग पर अपनी पहली व्यापक रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की है। बिल्डिंग पाथवेज फॉर फ्यूचर इन्वेस्टमेंट्स एंड ग्रोथ एल्कोलिक बेवरेजेस इंडस्ट्री इन उत्तर प्रदेश नाम की इस रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक विकास में एल्कोबेव उद्योग की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर आबकारी विभाग के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक विकास एवं सार्वजनिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील एवं पारदर्शी एक्साइज प्रणाली के निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 नौकरियों के सृजन से लेकर गांवों की प्रगति एवं पर्यटन के विकास तक इस उद्योग के बहु-आयामी योगदान को दर्शाती है। यह उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप भावी नीतियों को आकार देने में कारगर होगा। एक्साइज कमिशनर, डा. आदर्श सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश ने एक्साइज डोमेन में बड़े एवं प्रगतिशील सुधार किए हैं। पारदर्शिता को अपनाकर, पारम्परिक एकाधिकार को समाप्त कर, डिजिटल प्रशासन और प्रतिस्पर्धी एवं निवेशक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर प्रदेश ने दीर्घकालिक मूल्य सृजन की मजबूत नींव तैयार की है। आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा कि यह उद्योग राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश एक आर्थिक पावरहाउस के रूप में बदल रहा है और एल्कॉहलिक बेवरेज सेक्टर इस यात्रा में महत्वपूर्ण पार्टनर है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 उत्तर प्रदेश के एल्कोबेव उद्योग का पहला व्यापक अध्ययन है, जिसे एल्कोबेव कंपनियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विश्वस्तरीय स्रोतों जैसे इंटरनेशनल वाइन एंड स्पिरिट रिसर्च (आईडब्ल्यूएसआर) के सहयोग से विकसित किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# हत्या प्रयास मामले में दो महिला सहित 3 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास के मामले में पिछले चार महीनों से फरार दो महिलाओं सहित तीन वांछितो को गिरफ्तार किया है।उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए बयान के आधार पर एक मामला दर्ज किया गया था। उसने बताया कि होली के त्योहार के अवसर पर, १४ मार्च को उसके परिवार और पड़ोसी के परिवार के बीच पथराव और मारपीट हुई थी।इस दौरान शिकायत कर्ता बाल-बाल बच गया। हालाँकि, एक पड़ोसी, रोहित उर्फ गोलू, जो बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पहुँचा, गोली लगने से घायल हो गया।इसके अलावा, पथराव के कारण शिकायतकर्ता और उसके परिवार के कई सदस्यों के सिर में चोटें आईं। घटना के बाद, आरोपी मोहित और दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। हालाँकि, शेष तीन आरोपी, ए, के और वरुण, फरार हो गए और मामला दर्ज होने के बाद से गिरफ्तारी से बच रहे थे। इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर कमल कुमार और सतेंद्र मोहन के नेतृत्व में टीम ने संदिग्धों पर केंद्रित निगरानी और खुफिया जानकारी एकत्र करना शुरू किया।इसी बीच हेड कांस्टेबल शक्ति और महेंद्र ने ,नेपाल सीमा के पास, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में स्थित एक छोटे से कस्बे खटीमा में में छापा मारकर तीनों फरार/वांछित आरोपी दो महिला और वरुण को उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के बाद, आरोपियों ने कबूल किया कि वे घटना के बाद से छिपे हुए थे।

## पति से हुआ झगड़ा तो पत्नी ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक महिला का शव उसी के कमरे में पंखे से फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीरवार को एसडीएम के सामने मृतक महिला के परिजनों के बयान होने के बाद ही पोस्टमार्टम हो पाएगा। फिलहाल महिला के पति को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला महक पति और एक साल के बच्चे के साथ भोरगढ़ इलाके में किराये के मकान पर रहती थी। पति इलाके में फैक्टरी में नौकरी करता था। सुबह उसके मकान मालिक ने महिला को उसके कमरे में पंखे से लटका देखा था। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

## अब हफ्ता भर रुक-रुककर बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**राजधानी में मानसून के आने के बाद भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। बुधवार को मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया हुआ था लेकिन, बादल नहीं बरसे।

बुधवार को सुबह से ही आसमान में सूरज निकला रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से ०.५ डिग्री सेल्सियस कम के साथ ३६.० डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से ०.८ डिग्री सेल्सियस कम के साथ २८.० डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते २४ घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर ५६ फीसदी रहा।

दिल्ली में इस पूरे हफ्ते मौसम सुहावना रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में इस हफ्ते पूरे सात दिन गरज चमक के साथ रुक-रुक कर बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान अलग-अलग इलाकों में वज्रपात की घटनाएं भी देखी जा सकती हैं। मौसम विभाग ने १० से लेकर १४ जुलाई के दौरान गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: ३४ और २५ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# डीयू में प्रवेश के लिए 14 जुलाई तक खुला रहेगा पोर्टल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम २०२५ के तहत दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। यूनिवर्सिटी के अनुसार, ८ जुलाई २०२५ शाम ५ बजे तक कुल २,६५,२१३ छात्र रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। जबकि १,८५,७९१ छात्र पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं।

डीयू ने छात्रों की सुविधा के लिए पहले और दूसरे चरण दोनों पोर्टल १४ जुलाई २०२५ तक खुले रखने का निर्णय लिया है। यानी जो छात्र अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं, वे फेज-I पूरा करते हुए फेज प्प यानी कॉलेज व कोर्स प्रिफरेंस भी भर सकते हैं।

विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि कोर्स और कॉलेज की प्राथमिकताएं सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि इन्हीं विकल्पों के आधार पर सीट आवंटन होगा। पूरा कर चुके छात्रों को एक बार के लिए करेक्शन की सुविधा भी दी गई है। यह सुधार विंडो ११ जुलाई रात ११:५९ बजे तक खुली रहेगी, जिसमें छात्र केवल एक बार ही सुधार कर सकेंगे। डीयू १५ जुलाई को शाम ५ बजे एक अनुमानित सूची जारी करेगा। जिससे छात्रों को यह अंदाजा लग सकेगा कि उनकी रैंकिंग क्या है। इसके बाद १६ जुलाई की रात ११:५९ बजे तक प्राथमिकता बदलने की एक शॉर्ट विंडो भी दी जाएगी।

पहली कॉमन सीट अलोकेशन लिस्ट १९ जुलाई शाम ५ बजे जारी की जाएगी। इसके बाद २१ जुलाई को शाम ४:५९ बजे तक छात्रों को आवंटित सीट को स्वीकार करना होगा। विश्वविद्यालय ने आगे की वेरिफिकेशन, फीस भुगतान और अन्य अलोकेशन राउंड की भी समय-सारणी तय कर दी है, जो सीट की उपलब्धता के अनुसार होगी। इस वर्ष डीयू में कुल ७१,६२४ अंडरग्रेजुएट सीटें, ६९ कॉलेजों में ७९ कोर्सेज के तहत ऑफर की जा रही हैं।

# महापौर ने कांवड़ मार्ग की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज दिल्ली सरकार में कानून एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के साथ अप्सरा बॉर्डर से लेकर आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया और यात्रा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधायक श्री अजय महावर, संजय गोयल अनिल शर्मा, श्री प्रद्युमन राजपूत तिलक राम गुप्ता, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार शिव भक्त कांवड़ियों के स्वागत हेतु पूरी तरह तैयार हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोबाइल टॉयलेट्स, स्वास्थ्य जांच शिविर और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र कांवड़ शिविरों के निकट स्थापित किए गए हैं, ताकि किसी को असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शि. विरों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बनी रहे तथा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया रोधी दवाइयों का नियमित छिड़काव किया जाए।

सरदार इकबाल सिंह ने कहा, "श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से यहां पधारें, दिल्ली नगर निगम सेवा और सुविधाएं प्रदान करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा। निगम के अधिकारी और कर्मचारी पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कार्य में जुटे हुए हैं।दिल्ली सरकार में कानून एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि कांवड़ शिविरों को मुफ्त बिजली और स्थान उपलब्ध कराने की घोषणा सरकार पहले ही कर चुकी है।



महापौर सरदार राजा इकबाल सिंहकानून एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराई,पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने के बाद इलाके में दहशत फैलाने वाले डिंपल को बाहरी जिला की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने गिरफ्तार किया है। वह पहले हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखने के मामले में शामिल रहा है। उसके कब्जे से पिस्टल,दो कारतूस,तीन स्कूटी और दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एएटीएस को आरोपी की सोशल मीडिया पर एक रील मिली थी। जिसमें वह पिस्टल दिखाते हुए दिखाई दे रहा था। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से उसके बारे में जानकारी ली और फूल पार्क, ए-ब्लॉक, सुल्तानपुरी में उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

### एआई आधारित व्यक्तिगत फाईनेंस अनुभव प्रदान करने के लिए एमसीपी सर्वर शुरू किए

**नई दिल्ली।** फाई मनी ने एक व्यक्तिगत फाईनेंस एमसीपी सर्वर पेश किया है। इस बुनियादी परत द्वारा यूजर्स किसी भी एआई असिस्टैंट का उपयोग कर अपनी पूरी फाईनेंशल लाईफ का सुरक्षित व्यू पा सकेंगे और उसका प्रबंधन कर सकेंगे। मॉडल कॉन्टैक्स्ट प्रोटोकॉल के अब तक के पहले कंज्यूमर-फेसिंग पर्सनल फाईनेंस इंप्लीमेंटेशन, फाई एमसीपी की शुरुआत यूजर की संपूर्ण फाईनेंशल लाईफ को एक जगह पर लाने के लिए की गई है, जिसमें बैंक खाते, म्यूचल फंड, लोन, इंश्योरेंस, ईपीएफ, रियल ईस्टेट, गोल्ड आदि सुगमता से उनकी पसंद के एआई असिस्टैंट के साथ उपलब्ध होते हैं। यूजर्स इस कॉन्सोलिडेटेड डेटा को किसी भी एआई टूल के साथ साझा कर सकते हैं, जिससे उनके पैसे के बारे में उनकी अपनी शर्तों पर निजी और समझदार बातचीत संभव होती है। इस बाबत फाई मनी के को-फाउंडर सुजीत नारायणन ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी भी व्यक्तिगत फाइनेंस ऐप ने पूरे विश्व में यूजर्स को अपना वास्तविक फाइनेंशल डेटा चौटजीपीटी, जेमिनी या क्लॉड जैसे टूल्स से सुरक्षित रूप से कनेक्ट करने में समर्थ बनाया है।

### 'इंडिया'ज बेस्ट कंपनीज टू वर्क फॉर 2025' के तौर पर सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** मेटलाइफ को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया' द्वारा 'इंडिया'ज बेस्ट कंपनीज टू वर्क फॉर 2025' की मान्यता प्राप्त हुई है। कंपनी ने बीमा क्षेत्र में पहला स्थान और समग्र रूप से भारत की 100 सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में छठा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि मेटलाइफ की समावेशी, उद्देश्य-केन्द्रित कार्यसंस्कृति और कर्मचारियों को सशक्त बनाने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मान्यता उन कंपनियों को दी जाती है, जो उत्कृष्ट कर्मचारी अनुभव और 'लोग पहले' की कार्यशैली को अपनाती हैं। इस बारे में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया के सीईओ बलबीर सिंह ने कहा, "वर्कप्लेस कल्चर के क्षेत्र में विशेषज्ञ के रूप में हम पिछले 30 वर्षों से दुनियाभर की कंपनियों को ऐसा माहौल बनाने में मदद कर रहे हैं, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और संतुष्टि मिले। आशीष श्रीवास्तव, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर, मेटलाइफ ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर ने कहा, "मेटलाइफ में हमारे लोग हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।

### नंगल गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** अपनी समर्पित सीएसआर पहल के अंतर्गत नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम ने रेवाड़ी नंगल गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें 100 से अधिक ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श और प्राथमिक जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में ब्लड प्रेशर की जांच, ब्लड शुगर की जांच,बोन मिनरल डेंसिटी की जांच,पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट,ऑडियोमेट्री टेस्ट की सेवाएं दी गई। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार शर्मा वरिष्ठ सलाहकार एवं निदेशक ईएनटी, नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम ने कहा, स्वास्थ्य केवल इलाज नहीं, बल्कि रोकथाम भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत स्वास्थ्य जांच सुविधाएं पहुंचाकर हम बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर पाते हैं, जिन्हें समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है। यह पहल नारायणा अस्पताल की "अस्पताल से आगे उपचार" की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# गाड़ियों को रिटायर करने के फैसले ने ढाया कहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक जुलाई को १० साल पुराने डीजल और १५ साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर दिल्ली सरकार ने जो प्रतिबंध लगाया था उसने कई लोगों का बजट तक गड़बड़ा दिया है।

हालांकि जनता के भारी विरोध, तकनीकी कठिनाइयों के चलते इस फैसले को हफ्ता भर में वापस ले लिया गया । इसके बावजूद इस अल्पावधि में जिन लोगों का नुक्सान हुआ है वो हाथ मलते नजर आ रहे हैं। इस निर्णय से लाखों वाहन मालिकों को राहत मिली है। हालांकि यह प्रतिबंध महज चार माह के लिए ही हटाया गया है। एक नवंबर से यह फिर से प्रभावी हो जाएगा और इस बार इसका दायरे में पूरा एनसीआर आएगा। पेट्रोल पंपों पर तैनात ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरों ने पुरानी गाड़ियों की पहचान की, जिसके चलते कई वाहनों को जब्त किया गया और चालान काटे गए। ऐसे में लोगों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार को प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक समाधान, जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और उत्सर्जन परीक्षण को सख्त करना पर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पुराने वाहनों पर लगे एनजीटी प्रतिबंध पर आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महज दो दिन में जनता की परेशानी को समझते हुए प्रतिबंध पर पुन: विचार कर उसे स्थगित करने का निर्णय लिया है, वह उनकी संवेदनशील और जनहितकारी सोच का प्रमाण है। सचदेवा ने कहा, एनजीटी की ओर से २०१५ में लगाए प्रतिबंध पर पिछली केजरीवाल सरकार और आतिशी ने कभी न्यायिक राहत लेने की कोई कोशिश नहीं की, जिससे वर्षों तक जनता परेशान रही। उन्होंने कहा कि अब जब भाजपा सरकार अदालत में जनता की आवाज रखने जा रही है, तो आतिशी इसे ''नाटक'' बता रही हैं।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा पुरानी गाड़ी को बचाने के लिए कोर्ट जाने की जगह कानून बनाए। यदि कानून बनाने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाती है तो आप उनका समर्थन करेगी। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा को एक सप्ताह के अंदर कानून लाना चाहिए।

# एनएसएटी 2025 का 20वां संस्करण लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 46 वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के साथ भारत के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान, नारायण समूह ने 8 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जेपी वसंत कॉन्टिनेंटल होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में नारायण स्कोलास्टिक एप्टीटयूड टेस्ट 2025 के 20वें संस्करण का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि नारायण अपने अब तक के सबसे बड़े और सबसे महत्वाकांक्षी एनएसएटी संस्करण के साथ लौटा है, जिसमें अभूतपूर्व रु 50 करोड़ की छात्रवृत्ति और रु 1 करोड़ के नकद पुरस्कार शामिल हैं। डॉ. पी. प्रमिला राष्ट्रीय शैक्षणिक निदेशक, श्याम भूषण राष्ट्रीय प्रमुख - कोचिंग सेंटर) और राकेश कुमार यादव उपाध्यक्ष एवं प्रोडिजी प्रमुख की उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की टैगलाइन, आइए छात्रों के भविष्य को आकार दें - साथ मिलकर, शिक्षा के प्रति नारायण के सहयोगात्मक दृष्टिकोण को पूरी तरह से दर्शाती है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता की खोज में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और व्यापक समुदाय को एक साथ लाती है। लॉन्च कार्यक्रम में बोलते हुए, डॉ. पी. प्रमिला राष्ट्रीय शैक्षणिक निदेशक ने कहा, एनएसएटी परीक्षा वास्तव में छात्रों की क्षमता को समझने में मदद करती है। यह छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान करने वाली एक परीक्षा है।

## एक पायदान ऊपर आया आईजीआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा २०२४ में दुनिया का ९वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट पिछले साल ७.७८ करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की, जिससे यह २०२३ के मुकाबले एक पायदान ऊपर चढ़ गया। एसीआई की सूची में अमेरिका का अटलांटा हवाईअड्डा १०.८ करोड़ यात्रियों के साथ पहले स्थान पर रहा। दूसरे और तीसरे स्थान पर दुबई एयरपोर्ट (९.२३ करोड़ यात्री) और अमेरिका का डलास/फोर्ट वर्थ एयरपोर्ट (८.७८ करोड़ यात्री) रहे।

# महावतार नरसिम्हा का ट्रेलर हुआ रिलीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्लीम प्रोडक्शंस की 'महावतार नरसिम्हा', जिसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है, वाकई एक अनोखा सिनेमाई अनुभव बनने जा रही है इसकी भव्यता, विजुअल अपील और दमदार कहानी इसे खास बनाती है। हाल ही में मेकर्स ने श्महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्सश की ऐतिहा. सिक घोषणा की थी। अब इस मच अवेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, और यह वाकई बेहतरीन और शानदार है। इस ट्रेलर में भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण कथा को भव्य अंदाज में पेश किया गया है। कहानी प्रह्लाद के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भगवान विष्णु के परम भक्त हैं और जिनका सामना होता है उनके नास्तिक पिता हिरण्यकशिपु से, जिसे भगवान ब्रह्मा से अमरता का वरदान मिला है। ट्रेलर में आस्था की दहाड़ दिखाई देती है, जब भगवान विष्णु के अवतार, महाव. तार नरसिम्हा का जन्म होता है, प्रह्लाद की रक्षा के लिए उनका अवतरण इस कथा को दिव्य बना देता है।जैसे ही ट्रेलर रिलीज हुआ, प्रोड्यूसर शिल्पा धवन ने कहा,' ष्अब दहाड़ने का वक्त आ गया है पूरे ५ साल की मेहनत के बाद हम श्री नरसिम्हा और श्री वराह की महागाथा दुनिया के सामने लाने को तैयार हैं।

# नालों की सफाई अभियान ने हासिल की उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निगम ने १ जनवरी से ३० जून २०२५ के बीच ने १,७०,६१९.८९ मीट्रिक टन सिल्ट (गाद) हटाकर निर्धारित लक्ष्य १,२६,४७४.२७ मीट्रिक टन को पार करते हुए १३४.९०% की उपलब्धि हासिल की। दिल्ली नगर निगम ने वर्ष २०२५-२६ की मानसून तैयारियों के तहत प्रमुख नालों (चार फीट से अधिक चौड़ाई/गहराई) की सफाई में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। १ जनवरी से ३० जून २०२५ के बीच निगम ने कुल १,७०,६१९.८९ मीट्रिक टन गाद हटाई, जो निर्धारित लक्ष्य १,२६,४७४.२७ मीट्रिक टन से कहीं अधिक है। इस प्रकार, निगम ने १३४.९०% लक्ष्य हासिल किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति है, जब इसी अवधि में लगभग ७८,००० मीट्रिक टन गाद हटाई गई थी। इस वर्ष की सफाई पिछले वर्ष की तुलना में २.१८ गुना अधिक है, जो निगम की बढ़ती सक्रियता और दक्षता को दर्शाता है। इस अवधि में १२ जोन के अंतर्गत कुल ८०० नालों की ५३०.८२५ किलोमीटर लंबाई की सफाई की गई। विशेष रूप से, सेंट्रल जोन ने ६१,३८६.४७ मीट्रिक टन गाद हटाकर सर्वाधिक प्रदर्शन किया, जिसके बाद नजफगढ़ जोन ने २४,७१३.१५ मीट्रिक टन, शाहदरा (उत्तरी) जोन ने २४,१५२.५२ मीट्रिक टन और शाहदरा(दक्षिणी) जोन ने २३,५१९.२२८ मीट्रिक टन गाद हटाई। सभी जोन ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और कई जोन अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों से अधिक सफाई कर पाए। यह गहन सफाई अभियान दिल्ली में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को काफी हद तक कम करने और जल निकासी प्रणाली को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# टीआरपी को ट्रूथ रेटिंग पॉइंट्स में बदलने की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज के तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में, जहां एल्गोरिदम यह तय करते हैं कि कौन-सी खबर लोगों तक पहुंचेगी और सनसनीखेजी अक्सर गंभीर पत्रकारिता का रूप ले लेती है, यह आवश्यक हो गया है कि हम पत्रकारिता को परखने और उपभोग करने के तरीकों पर नए सिरे से विचार करें। दशकों से, टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स टीआरपी को समाचार प्रसारण की सफलता का पैमाना माना जाता रहा है। ये टीआरपी यह बताते हैं कि कितने लोग किसी कार्यक्रम को देख रहे हैं और इसी के आधार पर कार्यक्रम निर्माण, विज्ञापन और संपादकीय प्राथमिकताएं तय होती हैं। लेकिन टीआरपी सिर्फ दर्शक संख्या दिखाता है, न कि यह कि उस सामग्री की गुणवत्ता और विश्वसनीयता कितनी है।टीवी डिबेट्स में शोरगुल, अनुमानित टिप्पणियां और भावनात्मक विजुअल्स अब संतुलित और शोधपरक रिपोर्टिंग को ढक रहे हैं। नतीजा यह है कि मीडिया का बड़ा हिस्सा वायरलिटी को सच्चाई और मनो. रंजन को ज्ञानवर्धन से ऊपर रख रहा है। जिनका एजेंडा पत्रकारिता की निष्ठा नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट या राजनीतिक हित तय कर रहे हैं। इस बाबत दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि अब समय आ गया है कि हम एक नए मूल्यांकन पैमाने-'ट्रूथ रेटिंग पॉइंट्स' की ओर बढ़ें, जो केवल यह नहीं बताए कि कितने लोग देख रहे हैं, बल्कि यह भी कि क्यों और क्या वे देख रहे हैं।

## बैटल ऑफ गलवान के लिए तैयार हो रहे हैं सलमान खान

**नई दिल्ली।** सलमान खान उन सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं जो लोगों के दिलों पर राज करते हैं और बॉक्स ऑफिस पर भी छाए रहते हैं। जहां फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि वह अगली बार क्या लेकर आ रहे हैं, वहीं सलमान इस वक्त अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान के लिए तैयारियां कर रहे हैं, जो गलवान संघर्ष पर आधारित है। सलमान खान ने जब फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें वो एक जबरदस्त और धमाकेदार लुक में नजर आए, तो हर कोई आने वाली फिल्म को लेकर और भी ज्यादा उत्साहित हो गया। अब निर्देशक अपूर्व लाखिया द्वारा शेयर किया गया एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गया है, जिसमें लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि क्या सलमान इस फिल्म के लिए जबरदस्त एक्शन सीन की तैयारी कर रहे हैं। इस छोटे से वीडियो क्लिप में एक धुंधली सी परछाई नजर आती है, जो सलमान खान जैसी लग रही है। इसमें जबरदस्त एक्शन कोरियोग्राफी की रिहर्सल होती दिख रही है।

# गुरु पूर्णिमा गुरुओं के प्रति श्रद्धा: राजिन्दर जी महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हिंदी कैलेंडर के आषाढ़ (जुलाई-अगस्त) माह की पूर्णिमा को 'गुरु पूर्णिमा' के पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम अपने शैक्षिक व आध्यात्मिक गुरुओं का सम्मान करते हैं, उनके प्रति अपनी श्रद्धा व आभार प्रकट करते हैं।गुरु पूर्णिमा को लेकर संत राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि इस संसार में जब भी हम कोई विषय सीखना चाहते हैं, तो हम ऐसे इंसान के पास जाते हैं जो उसमें निपुण हो और हमें भी वो विषय पढ़ा सकता हो। इसी प्रकार एक पूर्ण सत्गुरु अध्यात्म के विषय में निपुण होता है, और यदि हम अपना आध्यात्मिक विकास करना चाहते हैं, तो हमें सत्गुरु के पास जाना होता है। इस धरती पर हर समय कोई न कोई पूर्ण सत्गुरु अवश्य मौजूद होते हैं, जो हमें अपने अंतर में मौजूद प्रभु-सत्ता के साथ जुड़ने में मदद करते हैं। प्रत्येक युग में ऐसे संत-महापुरुष आते हैं जो हमारी आत्मा को आंतरिक यात्रा पर ले जाने में समर्थ होते हैं।

संत-मत के महापुरुषों ने हमें यही बताया है कि प्रभु की सत्ता किसी न किसी मानव शरीर के माध्यम से कार्य करती है। मनुष्य दूसरे मनुष्य से ही सीखता है। संत-महापुरुष इस दुनिया में इसलिए आते हैं ताकि हमारे स्तर पर आकर हमसे बातचीत कर सकें, आंतरिक अनुभव पाने की विधि के बारे में हमारी भाषा में हमें समझाएँ।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

दिल्ली–मेरठ कांवड़ मार्ग पर कार में तोड़फोड़ का वीडियो वायरल

# कांवड़ियों को मारी टक्कर, भड़के कांवड़ियों ने कार तोड़ी, ड्राइवर घायल

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर कावड़ियों से जुड़े कुछ वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि किस तरह से कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाते हुए कावड़िए कार को रोककर उसमें जमकर तोड़फोड़ करते दिख रहे है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो मोदीनगर के राजचोपले क्षेत्र का बताया जा रहा है।



दरअसल, बीते दिन मंगलवार को मोदीनगर के राजचोपले क्षेत्र में उस वक्त तनावपूर्ण की स्थिति उत्पन्न हो गई जब हरिद्वार से हरियाणा के मेवात जा रहे कांवड़ियों की कांवड़ खंडित हो गई, जिससे गुस्साए कांवड़ियों ने रास्ते से गुजर रही एक कार को रोककर उसमें जमकर तोड़फोड़ कर दी। इस हमले में कार चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसके इलाज अस्पताल में चल रहा है।

गुस्साए कांवड़ियों का बवाल देख स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायल कार चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

फिलहाल, घटना के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। हालांकि, पुलिस की तत्परता से हालात पर समय रहते काबू पा लिया गया। पुलिस ने कांवड़ियों को समझा–बुझाकर शांत कराया। पुलिस का कहना है मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि जिले में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश से कमिश्नरेट पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई है। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड के अनुसार, इस बार हर थाने में 50–50 लीटर गंगाजल उपलब्ध कराया गया है। अगर किसी कांवड़िये की कांवड़ खंडित होती है तो उन्हें तुरंत गंगाजल उपलब्ध कराया जा सके। जिसके लिए हरिद्वार से 1400 लीटर गंगाजल मंगवाया गया है।

## वरिष्ठ समाजसेवी का मनाया जन्मदिन



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप अग्रवाल का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया उनके शुभचिंतकों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और और उनके लिए लंबी आयु की कामना की मालूम हो कि प्रदीप अग्रवाल पिछले काफी समय से जनसेवा से जुड़े हैं और कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर उन्होंने आमजन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया है उनके विशेष मित्र संजीव कुमार एडवोकेट ने कहा कि प्रदीप अग्रवाल की जनसेवा से वह प्रेरित है और उनके ही पद चिन्हों पर चलकर वह देश व समाज की सेवा करने की इच्छा रखते हैं उन्होंने उनके स्वस्थ जीवन व लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## स्व. शंकरलाल प्रधानाध्यापक कंडेरे को दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** स्वर्गीय शंकरलाल प्रधानाध्यापक (कंडेरे) जी की शोक सभा में कंडेरे (करण) समाज दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष धर्मपाल करण, भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे, मुरारीलाल, आचार्य जी, उदयचंद्र, राजेंद्र प्रसाद टेलर, रमेशचंद्र, सुरेशचंद्, हरीशकुमार, रिवांशु, अंकुश, कान्हा, देव, कुंज बिहारी, एवं समस्त आंवला परिवार, ग्रीस बाबू, सुभाष कंडेरे, ओमप्रकाश, छीतरमल मास्टर, गोविंद मास्टर, डॉक्टर शिवचरन, बाबूलाल, राजेश कंडेरे, अखिल भारतीय करण समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुवंर संजय सिंह, गिरधारीलाल कंडेरे, हरिदास, श्रीकांत, लखनलाल कंडेरे, विष्णु कंडेरे, दिनेश कंडेरे, बदनसिंह कंडेरे, वीरपाल, ब्रजेश मास्टर जी, हरिप्रसाद, तेजसिंह, फोरनसिंह, ज्वाला प्रसाद, शिवसिंह, वीरी सिंह, सुभाष, गोपाल, नारायण सिंह, मास्टर नारायण सिंह, राजनलाल, धर्मपाल, जगत नारायण, तोरन सिंह आदि ने नमन आँखो से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक ने शुरू किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोनी।** एक पेड़ माँ के नामष्2.0 वृक्षारोपण महाअभियान–2025 के अंतर्गत बुधवार को लोनी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की, जिन्होंने लोनी खण्ड विकास कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तथा पावी सादकपुर स्थित सरकारी विद्यालय में बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के उपरांत स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा व जन– जागरूकता पर विशेष चर्चा भी की गई।



इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा ष्वृक्ष हमारी संस्कृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। माँ के नाम एक पेड़ लगाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि माँ के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का यह सबसे पवित्र माध्यम है।

कार्यक्रम में नगरपालिका लोनी के अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, स्थानीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, सभासदगण, समाजसेवी व सैकड़ों छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

## कांवड़ यात्रा और बारिश के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस को बांटी गई 200 बरसात किट

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था और बारिश के मौसम में ड्यूटी को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को खास बरसात किट वितरित की गई है। आज बुधवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद के नेतृत्व में 200 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को रेनकोट, रेन बूट और रेन हैट वाली किट सौंपी गई। पत्रकारों से बात करते हुए एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान भारी भीड़ और ट्रैफिक दबाव के बीच बारिश की चुनौती होती है। इस बार पुलिसकर्मियों को पहले से तैयार रखने के लिए यह पहल की गई है।

## भारतीय मजदूर संघ हड़ताल में नहीं हुआ शामिल



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश सह विभाग प्रमुख बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि कम्युनिस्टों ने देश व्यापी हड़ताल का आवाहन किया था। जिससे देश की बैंकिंग भी ठप्प हो जाये मगर भारतीय मजदूर संघ का बैंको मे भी संघठन होने के कारण बैंक पर इस हड़ताल का कोई असर नहीं पड़ा और न ही बैंक मे आने वाले किसी ग्राहक को कोई परेशानी हुई भारतीय मजदूर संघ ने पहले ही एलान कर दिया था की वे इस राजनीति से प्रेरित हड़ताल मे वो वामपंथियों की इस हड़ताल मे शामिल नहीं होगा। भारतीय मजदूर संघ की किसी भी यूनियन ने हड़ताल नहीं की बल्कि राष्ट्रहित मे कार्यक्रम किया और देश की अर्थव्यस्था को बिगड़ने से बचाया भारतीय मजदूर संघ का बैंक कर्मचारी संघठन CBWO/NOBW संबंध भारतीय मजदूर संघ ने बहुत ही सुचारू रूप से बैंकों का संचालन किया। जिससे किसी भी ग्राहक को कोई भी परेशानी नहीं हुई और आगे भी ऐसे ही राष्ट्रहित मे कार्य करता रहेगा।

## श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्रा बनी फरीदाबाद टैलेंट हंट विजेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय, शिक्षा के साथ–साथ संगीत कला क्षेत्र में भी अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाये हुए है। फरीदाबाद में "एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस" के द्वारा "फरीदाबाद टैलेंट हंट" का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 9वीं की छात्रा उर्वशी महेदिया ने 70 से भी ज्यादा प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए ग्रैंड फिनाले में शानदार नृत्य प्रस्तुति कर प्रथम स्थान अपने नाम किया। विजेता उर्वशी को सर्टिफिकेट एवं दस हजार रुपये नकद राशि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय की



प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि गाजियाबाद जिले का नाम रोशन करने के लिए भी छात्रा को बहुत–बहुत बधाई दी साथ ही उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की। उन्होंने कहा कि कला क्षेत्र, शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। जिसमें निरंतर प्रतिभाग करते रहना चाहिए। उर्वशी पिछले दस वर्षों से गंधर्व संगीत महाविद्यालय गाजियाबाद में कत्थक नृत्य की शिक्षा ले रही हैं और कक्षा छठीं से यहाँ विद्यालय द्वारा सभी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अनेकों पुरस्कार जीत चुकी हैं।

## अमरनाथ यात्रा की कठिनाई को भोले के जय घोष बना देते हैं आसान: अरविंद तेवतिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** श्री भोले बाबा अमरनाथ जी की यात्रा विधिवत रूप से 3 जुलाई से प्रारंभ हो गई है। भोले बाबा अमरनाथ जी के भक्त देश और दुनिया के कोने कोने से श्रद्धा भाव के साथ दर्शन करने के लिए पवित्र गुफा में मौजूद प्राकृतिक बर्फ से बने हम शिवलिंग के दर्शन करने के लिए आते हैं कठिन श्री अमरनाथ यात्रा को भोले की भक्ति आसान बना देती है भोले की भक्ति में ली भक्ति बम बम भोले के जय घोष करते हुए बाबा की पवित्र गुफा की ओर बढ़ते चले जाते हैं, मानो यह भोले के जय घोष नहीं अपितु भोले बाबा का आशीर्वाद है शिव भक्तों का भोलेनाथ के प्रति त्याग समर्पण और भक्ति भावना मानो साक्षात स्वर्ग लोक जैसा वातावरण बन गया।

श्री अमरनाथ यात्रा में शिव भक्तों का जोश भक्ति भावना और वहां शिव भक्तों की सेवा में लगने वाले भंडारों का बड़ा ही अलौकिक और समर्पित वातावरण देखते ही आलोकित कर देने वाला होता है। इन्हीं शिव भक्तों में गाजियाबाद के बेहद समर्पित एवं प्रमुख समाजसेवी अरविंद तेवतिया भी 17वी बार अपने साथियों के साथ में श्री अमरनाथ बाबा के दर्शन करने के लिए गए। अरविंद तेवतिया ने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से प्रभु भोलेनाथ जी की असीम कृपा दृष्टि से श्री अमरनाथ यात्रा कर रहे हैं। जब वह अब से 17 साल पहले प्रथम बार श्री अमरनाथ यात्रा पर गए थे तो सरकार और साइन बोर्ड की ओर से इतनी सुविधा वहां नहीं थी किंतु अब साइन बोर्ड और सरकार की निगरानी में यात्रा को सुलभ आनंदित एवं सुरक्षित बनाने का प्रयास जोरों शोरों पर है। श्री अमरनाथ यात्रा दो तरफ से होती है एक तरफ पहलगाम के चंदनबाड़ी से दूसरा बालटाल से होती हैं। 6 साल अमरनाथ यात्रा पहलगाम से करने वाले और 11 साल से बालटाल के रास्ते करने वाले



अरविंद तेवतिया बताते हैं कि पहले रास्ते में मेडिकल व लाइट की व्यवस्था नहीं होती थी। पहले अपने साथ में टॉर्च रखनी पड़ती थी यात्रियों को यात्रा पूर्ण करने में रात हो जाती थी किंतु अब साइन बोर्ड की और सरकार की नीतियों के चलते बालटाल के रास्ते लाइट की व्यवस्था की गई है। इस बार श्री अमरनाथ यात्रा एवं माता वैष्णो देवी पर ग्रुप में जाने वाले लोग अरविंद तेवतिया, राजेंद्र सिंह, रूप किशोर, नितिन कुमार, नरेंद्र सिंह, राहुल चौधरी है।

श्री अमरनाथ यात्रा में सख्ती ज्यादा है जगह–जगह पर चेकिंग है फोर्स फोर्स बड़ी मेहनत से अपना कार्य कर रही है सही प्रकार से पंजीकरण और अपनी मेडिकल पर जांच करने वाले भक्तों को ही श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने दिया जा रहा है फर्जी तरीके से अपना पंजीकरण करने वाले लोगों को बीच रास्ते में ही वापस भेज दिया जा रहा है। श्री अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए इंडियन आर्मी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, जम्मू कश्मीर पुलिस तैनात है। जो यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रही है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिबाबाद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कौशांबी सेंट्रल पार्क में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर लगभग 200 पौधे हर प्रकार के लगाए गए क्षेत्र की जनता ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना सहयोग पौधे लगाने में किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी दीपक गुप्ता सुनील गांधी राकेश जाकेटिया वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार गौरव वर्मा मनीष जैन लक्ष्मीकांत चांनना सतीश बबूता एसके गोयल मिढन लाल पवन सैनी जयपुरिया समिति के अध्यक्ष के एल सचदेवा एन के खुराना डीके जैन सतीश गुप्ता आलोक जैन राधा रमन बंसल मोहन सिंह बिष्ट बीके वर्मा कृष्ण डोभाल सरदार जसपाल सिंह डॉ. वाल्मीकि प्रसाद नवीन चौधरी सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाए 500 पौधे

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिबाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरणीय पल एक पेड़ मां के नाम तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक पेड़ मां के नाम अभियान में भागीदारी अपील को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सत्यार्थी, सतीश चौधरी जेई, अरुण शर्मा की गरिमामयी उपस्थित में तथा हिमांशु चौधरी पार्षद, विनय चौधरी, भूपेंद्र उपाध्याय पार्षद की उपस्थिति में सौर ऊर्जा मार्ग, डी ब्लॉक, 18 नंबर कंपाउंड में 500 पेड़ लगाकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी



प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है इस अभियान का उद्देश्य पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि हर एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा प्रकृति ही जीवन का मूल आधार है एक स्मरणीय स्मृति बनाने के लिए पेड़ अवश्य लगाए। एसोसियेशन के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव संजीव त्यागी, सचिव अरविंद बालियान, कार्यकारिणी सदस्य जतिन अग्रवाल, सुनील शर्मा, राजीव रस्तोगी, रविंद्र कपूर, सुनील सिंह, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, राजीव कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री और पुलिस अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यव्यापी वृक्षारोपण महाअभियान– 2025 के अंतर्गत गाजियाबाद में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। मोहननगर स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा और पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटील ने मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। पुलिस विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण में निभाई जा रही भूमिका सराहनीय है।

## सीएमओ ने बच्चों को पिलाई विटामिन ए की ड्रॉप



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** 9 माह से 05 वर्ष की आयुवर्ग के समस्त लक्षित बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित कराने के उद्देश्य से जनपद गाजियाबाद मे दिनांक 09 जुलाई 2025 से 09 अगस्त, 2025 तक बाल स्वास्थ्य पोषण माह चलाया गया। उपरोक्त के परिपेक्ष्य मे आज दिनांक 09 जुलाई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डासना के अन्तर्गत टीकाकरण सत्र स्थल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद डा० अखिलेश मोहन द्वारा बच्चों को विटामिन 'ए' सीरप पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान मे 9 माह से 5 वर्ष तक की आयुवर्ग के कुल 339308 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाऐगा। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 नीरज अग्रवाल, डा० जितेन्द्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरादनगर प्रभारी डा0 भारत भूषण एवं डा० प्राची पाल, सामु०स्वा० केन्द्र डासना प्रभारी, गाजियाबाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर में किया गया, सुंदरकांड पाठ का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिबाबाद।** श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा द्वितीय संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर कौशांबी में किया गया। इस अवसर पर सभी कौशांबी वासियों ने उत्साह दिखाया और पाठ में जोरशोर से हिस्सा लिया। कथा वाचक अयोध्या निवासी सुरेंद्र द्विवेदी और नंदिनी द्विवेदी ने अपनी अमृतमयी वाणी से सभी श्रोताओं को भक्ति मय यात्रा कराई और आशीर्वाद स्वरूप रुद्राक्ष भी दिया। उन्होंने बताया की राम कथा का श्रवण करना बेहद सौभाग्य से प्राप्त होता हैं।



कार्यक्रम की शुरुवात समिति सदस्य और उपस्थित श्रोताओं द्वारा आरती से हुई। इस भक्तिपाठ में भाग लेने वाले स्थानीय कौशांबी निवासी अति उत्साहित थे और सभी ने श्री केसरी नंदन सेवा समिति के इस आयोजन को खूब सराहा। इस अवसर पर आयोजक समिति और कौशांबी निवासी कमल ओबेरॉय, शिव भारद्वाज, डॉ आचार्य कृति शर्मा, सुनीता परवाल, दीपक अग्रवाल, उमा शंकर शर्मा,जयप्रकाश, प्रवीण गर्ग और वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रेम गोगिया ने भी अपने भजनों से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक मक्खन लाल और सेवा भारती के महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों किरण ओबेरॉय, मंजु शर्मा, बीना भरद्वाज, उर्मिल सरीन, विवेक गुप्ता, आलोक माथुर, मिनी गुप्ता, विजय अग्रवाल, प्रीति सिंघल, अलका, रजनी गोयल, संतोष सिंह, मंजु जैन, आरती शर्मा, उर्मिल अरोड़ा, अशोक परवाल, रवि पटेल, शिवानी, संगीता श्रीवास्तव, अरुणा राय, प्रतिभा त्यागी, रमणीक, मधु महाजन, नेहा सेल्ही, नीति गौड़, रेखा, दीपा, ममता, राजमाला, गीता, राज चानना, अनिता गोगिया, प्रेम गोगिया, मुदित दीक्षित, सुरेंद्र सुम्बलि, अलका जैन, पवन, डॉ. जेके सिंह, संतोष चोपड़ा, अनिता शर्मा, ऋतु, शालिनी, मो. हिनी, अनीता शर्मा, शीला,सांव. रमल गोयल, उर्मिला खंडेलवाल, पुष्पा जोशी, श्रीधर, नितिन, राजेश सैनी, पन्ना लाल और शिवम मित्तल सहित बड़ी संख्या में इस पावन कार्य में भाग लिया और आयोजक समिति को ढेरों शुभकामनाएं दी।

## प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह आईएएस में हुए प्रोन्नत



**गाजियाबाद।** प्रदेश के 22 पीसीएस अफसरों को मिली प्रान्नति के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राज. ेश कुमार सिंह भी आईएएस में प्रोन्नत हुए हैं। प्राधिकरण के सचिव के आई ए एस में प्रोन्नत होने पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के साथ साथ प्राधिकरण के साथीं अधिकारियों और अन्य स्टाफ के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई।


### संबंध विच्छेद

मैं इंदू देवी पत्नी रामचंद सिंह निवासी– खसरा सं– 85, आर्य नगर लोनी जिला– गाजियाबाद अपनी पुत्री कु. रानी कुमारी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

### खोया पाया

मेरे प्लॉट संख्या 395 सी ब्लॉक बी रकबा 50 वर्ग गज खसरा नं.– 270 स्थित रेलवे सिटी कॉलोनी ग्राम गिरधरपुर सुनारसी परगना व तहसील दादरी गाजियाबाद की रजिस्ट्री वास्तव में कहीं खो गए हैं जिनका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा मिलने पर सूचित करें।

**हरीश चन्द पुत्र श्री सूरज प्रसाद निवासी मकान नं. 95 अकबरपुर कन्नौज उत्तर प्रदेश।**

# जनता के बीच संवाद का सेतु जन-सुनवाई: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पहली बार 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में दिल्ली के लोगों से मिलीं और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। मुख्यमंत्री सिविल लाइंस स्थित 'जनसेवा सदन' में नए रंग-रूप के साथ सुनवाई शुरू की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों की आंखों में उम्मीद की चमक और दिल में विश्वास देखा कि सरकार उनकी बात सुन- समझ रही है और समाधान निकालने की प्रक्रिया में जुटी है।इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग स्थित अपने निवास पर ही जनसुनवाई कर रही थी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनसेवा सदन में सुबह ८ से १० बजे तक लोगों से मिली और अधिकारियों की उपस्थिति में उनकी समस्याओं का निपटारा किया। करीब एक दर्जन विभाग जैसे जल बोर्ड, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, दिल्ली नगर निगम आदि के अधिकारी मौके पर ही मौजूद थे। लोगों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें, सुझाव और जरूरतें सीधे मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखी। मुख्यमत्री ने संबद्ध अधिकारियों से उनको हल करने का आदेश जारी किया। अधिकतर शिकायतों में अपराध, पेयजल, दाखिला, स्वास्थ्य, सड़क, अतिक्रमण आदि से जुड़ी हुई थीं। स

ुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आने वाले नागरिकों के लिए विशेष इंतजाम किए थे। बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि की सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं। प्रवेश प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है ताकि भीड़-भाड़ न हो और प्रत्येक नागरिक को अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त हो। इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि समस्या लेकर आने वाले लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जनता की सेवा करना उनके जीवन का संकल्प है। जन सुनवाई उनके लिए मात्र एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता से सीधे संवाद का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के दौरान उन्होंने आज लोगों की आंखों में उम्मीद की चमक और दिल में विश्वास देखा कि सरकार उनकी बात सुन-समझ रही है और समाधान निकालने की प्रक्रिया में जुटी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार श्सुनवाई नहीं, समाधानश के सिद्धांत पर काम कर रही है। सुनवाई में लोगों ने विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने हर मुद्दे को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय सीमा के भीतर उनका समाधान करे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार दिल्ली को केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, सशक्त और न्यायपूर्ण शहर बनाना चाहती है। इसके लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जनता से सीधे मिलकर उनकी पीड़ा को जानना, उनकी परेशानियों को समझना और उसी के अनुरूप नीतियां बनाना ही लोकतंत्र की असली ताकत है। मुख्यमंत्री के अनुसार वह दिल्ली के हर नागरिक को विश्वास दिलाना चाहती हैं कि हमारी सरकार सत्ता चलाने के लिए नहीं, सेवा करने के लिए है। हम हर शिकायत को गंभीरता से लेंगे और हर मांग को यथासंभव पूरा करने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली की पूर्व सरकारों व जनता के बीच हमेशा संवाद की कमी रही है। पूर्व में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन 'मुख्यमंत्री जनसंवाद सदन' अब सरकार-शासन-जनता के बीच संवाद सेतु की भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि उनकी सरकार जनता की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानती है।

# बालाजी अस्पताल के कैमिकल टैंकर में दो मजदूरों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार स्थित एक्शन बालाजी अस्पताल में बीते मंगलवार देर शाम बेसमेंट में बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के कैमिकल टैंकर की सफाई का काम करने वाले दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार ने पुलिस पर लाठीचार्ज और बदतमीजी करने का आरोप लगाया। उनको १५ घंटे बाद भी बॉडी नहीं दिखाने का आरोप लगाया। ज्ञात हो कि दो साल पहले भी इसी अस्पताल में बेसमेंट में मिट्टी ढह जाने से एक मजदूर की मौत हो गई थी,जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन कुमार का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि अस्पताल ने एक प्राईवेट कंपनी को ठेका दे रखा था,उसी की देखरेख में पूरा प्रॉजेक्ट चल रहा था।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार देर शाम को पश्चिम विहार पूर्व पुलिस को एक्शन बालाजी अस्पताल से दो एमएलसी के बारे में सूचना मिली। एसएचओ टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने यूपी के रहने वाले ब्रिजेश (२६) और विक्रम (३०) को मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि दोनों मृतक एक्शन बालाजी अस्पताल में एएमसी ठेकेदार द्वारा किए जा रहे कार्बन फिल्टर के रखरखाव के दौरान बेहोश हो गए थे। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। क्रॉइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर जाकर सबूत इक्ट्ठा किये हैं।

ठेकेदार व अस्पताल प्रशासन से पूछताछ की जा रही है। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। काम करते हुए किसी भी मजदूर के पास सुरक्षा के कोई से भी उपकरण नहीं पहने हुए थे। हम ऊपर बैठे हुए थे। वहां पर टोटल नौ लडके काम कर रहे थे। मैं और चार लडके कैमिकल टैंकर में डाल रहे थे।

# शहीदी दिवस का आयोजन लाल किले पर करने की मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इतिहास में पहली बार दिल्ली कैबिनेट ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के ३५०वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में लाल कघ्लिा, चांदनी चौक में दो दिवसीय कार्यक्रम की मंजूरी दी है ख्र यह वही ऐतिहासिक स्थान है जहाँ गुरु साहिब ने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया था।

यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें खास लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार, पैनल चर्चाएं, पेंटिंग और ऐतिहा. सिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी और गुरु जी की शिक्षाओं का विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद और सार्वजनिक पाठ शामिल होगा।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और वरिष्ठ सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ,"मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अपने कैबिनेट सहयोगियों को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस ऐतिहासिक श्रद्धांजलि को मंजूरी दी - यह दिल्ली में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावशाली नेतृत्व के तहत, यह आयोजन दिल्ली और सिख विरासत के रिश्ते को सम्मान और स्थायित्व देगा। गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सिर्फ सिख इतिहास नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए आजादी, सहिष्णुता और न्याय का संदेश है।" सिरसा ने यह भी बताया कि दिल्ली के जैनपुर क्षेत्र में जो मियावाकी जंगल विकसित किया जा रहा है, वह गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित किया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सिविल लाइंस स्थित 'जनसेवा सदन' में आम लोगों संवाद करते हुए।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर नकली सब इंस्पेक्टर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले साहिल कुमार नामक एक नकली पुलिस वाले को गिरफ्तार किया है। जिसने महिला पीडिघ्तों को निशाना बनाने और उनसे दोस्ती करने के लिए दिल्ली पुलिस की वर्दी और पहचान पत्र का इस्तेमाल किया।

आरोपी के कब्जे से एक नकली पुलिस पहचान पत्र, जाली नियुक्ति पत्र और अन्य मुहर लगे पत्र,मोबाइल फोन आदि सामान जब्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार शाम साढ़े तीन बजे इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-३ पर तैनात सीआईएसएफ जवानों ने

साहिल कुमार को संदिग्ध हालत में देखकर पकड़ा था। साहिल ने खुद को दिल्ली पुलिस का सब इंस्पेक्टर बताया था। साहिल कुमार ने दिल्ली पुलिस के लोगो वाली एक सफेद टी-शर्ट पहनी हुई थी। उसके पास से दिल्ली पुलिस का एक फर्जी पहचान पत्र बरामद किया। आईजीआई में तैनात इंस्पेक्टर सुमित के निर्देशन में एसआई विपिन कुमार और हेड कांस्टेबल सुबे सिंह ने साहिल से पूछताछ की।

# पार्किंग शुल्क अधिक वसूले जाने के खिलाफ कार्रवाई

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के इलाकों में 5 पार्किंग ठेकेदारों के खिलाफ दिल्ली नगर निगम को अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें मिली थीं। दिल्ली नगर निगम ने शिकायतों का संज्ञान लिया और आरपी सेल की टीम के माध्यम से इन शिकायतों का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान, दिल्ली नगर निगम ने पाया कि पार्किंग ठेकेदार अनुबंध की अन्य शर्तों का भी उल्लंघन कर रहे हैं। इसलिए, इन ठेकेदारों पर तत्काल प्रभाव से कुल २४,५३,४३२/- रुपये का जुर्माना (अधिक शुल्क वसूलने और अन्य उल्लंघनों के लिए) लगाया गया है: मेसर्स माइलस्टोन सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विस: १,७५,४३० मेसर्स गिरिराज एंटरप्राइजेज: १,७७,२००, मेसर्स श्री जगतार सिंह (२ पार्किंग): १६,४५,००० , मेसर्स श्री जोगि. ंदर सिंह: ३,७६,७९९ रुपये, मेसर्स पेस्ट कंट्रोल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड: रुपये ७९,००३ यह सत्यापित करने के लिए कि क्या किसी अन्य पार्किंग स्थल पर भी इस तरह के उल्लंघन हो रहे हैं, निगम के क्षेत्रीय कर्मचारियों को एमसीडी द्वारा अधिकृत सभी पार्किंग स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

## केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन जारी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

अदालत ने केजरीवाल की दो याचिकाओं पर ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने याचिकाओं के आधार पर सवाल उठाया, इस पर पीठ ने कहा कि ईडी हलफनामे में अपनी प्रारंभिक आपत्तियां दर्ज करा सकता है। मामले की अगली सुनवाई १० सितंबर को होगी।

# हज यात्रियों की वापसी का सिलसिला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के सबसे बड़े हज एंबार्केशन प्वाइंट, दिल्ली से हज-2025 के लिए रवाना हुए 17 राज्यों के हज यात्रियों की मक्का में हज की अदायगी के बाद वापसी का सिलसिला आज समाप्त हो गया। अंतिम उड़ान सऊदी एयरलाइंस की लाइट नंबर एस.वी-3082 के जरिए 401 हाजियों की वापसी के साथ दिल्ली के इंदिरा गांधाी अंतराष्ट्रीय हवाई अढे पर यह चरण पूरा हुआ।

आखिरी फ्लाइट से लौटने वाले हाजियों के स्वागत के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, सदस्य मोहम्मद साद, कार्यकारी अधिकारी अश्फ़ाक अहमद आरुी, डिप्टी कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली, हज कमेटी के कर्मचारी तथा एयरपोर्ट की एजेंसिया डायल, सीआईएसएफ और सऊदी एयरलाइंस के अधिकारी मौजूद थे। सभी ने लौटे हाजियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने हज 2025 के दौरान सेवाएं देने वाली सभी एजेंसियों, उनके अधिकारियों और कर्मचारियों का धान्यवाद करते हुए उनके समर्पित कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस वर्ष हज यात्रियों को दी गई शानदार सुविधाओं के लिए सऊदी अरब सरकार और उसकी हज व उमरा मंत्रलय की कार्यशैली की प्रशंसा की और बताया कि यह सब प्रधाानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रलय और उसके सक्रिय व ऊर्जावान मंत्री किरन रिजिजू की नेतृत्व क्षमता, उनकी ईमानदार रुचि और सजगता का परिणाम है। उन्होंने इस विश्वास और उम्मीद का भी इजहार किया कि अब जब 7 जुलाई से हज 2026 के लिए अक्नलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं, तो आने वाला हज और भी बेहतर और मिसाल बनकर सामने आएगा। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी ने आधिकारिक ब्यौरा देते हुए बताया कि इस वर्ष दिल्ली एंबार्केशन प्वाइंट से कुल 15069 हज यात्री रवाना हुए।

# प्रेमिका संग छह माह की बच्ची का गला क्यों रेता, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मजनू टीला इलाके में मंगलवार दोपहर एफ-ब्लॉक में छह माह की मासूम यशिका और सोनम (२२) नाम की युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि सोनम पिछले १५-२० दिनों से अपनी सहेली लक्ष्मी के घर रह रही थी। मंगलवार दोपहर लक्ष्मी अपनी दूसरी बेटी को स्कूल लेने गई थी। घर पर यशिका और सोनम को अकेला पाकर हत्यारे ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस सोनम के लिवइन पार्टनर निखिल को हत्यारोपी मानकर जांच कर रही है।

सोनम मूलरूप से नैनीताल उत्तराखंड की रहने वाली है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब १.०० बजे उनकी टीम को वारदात की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को मकान की पहली मंजिल के कमरे में दोनों के खून से लथपथ शव बरामद हुए।

पुलिस को पता चला कि मोहन सिंह के मकान में भरतपुर, राजस्थान निवासी दुर्गेश परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी लक्ष्मी के अलावा दो बेटियां यशिका और दीया हैं। दुर्गेश की एरिया में मोबाइल की दुकान है। सोनम पिछले ५-६ वर्षों से अपने लिवइन पार्टनर निखिल के साथ ए-ब्लॉक में रह रही थी। दोनों के बीच विवाद हुआ तो वह लक्ष्मी के घर पर रहने लगी थी। मंगलवार दोपहर दुर्गेश दुकान पर था, दीया स्कूल गई थी। दीया लेकर लक्ष्मी जब स्कूल से घर पहुंची तो कमरे में मासूम बेटी और सहेली को लहूलुहान देखकर चीख पड़ी। रोते हुए लक्ष्मी ने पति को कॉल किया फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच में सामने आया कि कमरे पर निखिल आया था। पुलिस की दो टीमों को उसकी तलाश में उत्तराखंड भेज दिया गया। मूलरूप से उत्तराखंड का रहने वाला निखिल तिमारपुर के एक रेस्तरां में काम करता था। दुर्गेश और लक्ष्मी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बाकी पडोसियों से भी पूछताछ की जा रही है। अमूमन लक्ष्मी अपनी बड़ी बेटी को स्कूल से लेने के लिए छोटी बेटी यशिका को साथ ले जाती थी। मंगलवार को अधिक गर्मी की वजह से वह बेटी को सोनम के पास छोड़कर चली गई। उसे क्या पता था कि यह गलती उसे जीवन भर के लिए दंश दे जाएगी। वह यशिका को अपने साथ ले जाती तो उसकी जान बच जाती। करीब पंद्रह मिनट बाद जब लक्ष्मी दीया को लेकर वापस आई तो वहां का मंजर देख उसके होश उड़ गए। जमीन पर खून से लथपथ यशिका और सोनम के शव पड़े थे।लक्ष्मी की चीख सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। लक्ष्मी ने पति को कॉल करने के बाद पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर बाद पुलिस वहां पहुंच गई। सीसीटीवी की पड़ताल हुई तो पता चला कि कमरे में निखिल आया था। वारदात के बाद वह फरार हुआ। पुलिस ने सोनम का मोबाइल जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है। जांच में पता चला कि निखिल लगातार उसे कॉल कर कर रहा था। लक्ष्मी ने बताया कि वह सोनम पर वापस आने का दबाव बना रहा था।




स्वास्थ्य मंत्री विकासपुरी में क्षतिग्रस्त पड़ी मेन सीवर लाइन के पुनर्निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर।

# मंत्री ने सीवर लाइन के पुनर्निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र विक. ासपुरी इलाके के जे.जे. कॉलोनी ।-ब्लॉक पार्क में बीते ११ वर्षो से क्षतिग्रस्त पड़ी मेन सीवरेज लाइन के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विकास कार्यों के उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जे.जे कॉलोनी में रहने वाले स्थानीय लोग पिछली सरकार से सीवर लाइन डालने की बीते ११ सालों से मांग कर रहे थे। पिछली सरकार की नाकामियों के चलते स्थानीय लोगों को सीवर जाम होने के साथ बरसात के मौसम में जल जमाव होने से भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। स्थानीय नागरिकों की परेशानी और उनकी वर्षों पुरानी मांग को देखते हुए जे.जे. कॉलोनी ।-ब्लॉक पार्क में मेन सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर दिया गया है। बरसात के मौसम को देखते हुए दिल्ली जल बोर्ड समेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को माननीय मंत्री महोदय ने निर्देश दिया कि पूरे इलाके में कही भी जल जमाव की समस्या पैदा नहीं हो सके।

## नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए आपराधिक कानूनों के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित 'न्याय प्रणाली में विश्वास का स्वर्णिम वर्ष' कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी का आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बैंक में फील्ड अफसर ना होने से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा कालागढ़ में आए दिन कर्मचारियों की कमी देखी जाती है, जिसके चलते बैंक उपभोक्ता परेशान रहते हैं। आजकल छात्र बैंक से एजुकेशन लोन के लिए चक्कर लगाते देखे गए लेकिन बैंक में फील्ड अफसर ना होने के कारण सही डिटेल बैंक कर्मचारी नहीं दे पा रहे हैं।

बैंक में ब्रांच मैनेजर के ट्रांसफर के बाद नई ब्रांच मैनेजर अभी सीट पर बैठ नहीं पाए, जिससे जानकारी सही से उपलब्ध हो सके। फील्ड अफसर की सीट पर बैठे व्यक्ति ने बताया कि मैं अपनी आईडी से काम कर रहा हूं। फील्ड अफसर की आईडी नहीं है। इसलिए कुछ भी जानकारी उपलब्ध नहीं कर सकता हूं। यह पहला मामला नहीं है। बैंक में आए दिन बैंक उपभोक्ता अपने कार्य को लेकर परेशान दिखाई देते हैं। वहीं सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं, बेरोजगार व्यक्तियों आदि के लिए नई-नई स्कीम दी जाती हैं लेकिन बैंकों की मनमानी के चलते यह छात्र इसका फायदा नहीं ले पाते। यही कारण है कि पढ़ने वाले छात्र कई प्रकार की परेशानियों से जूझते देखे गए है खामोश होकर घर पर बैठ जाते हैं। इसका यही कारण है की कई लोगों को बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं। बैंकों की इस लापरवाही के चलते बड़ी संख्या में छात्र अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर मानसिक तनाव झेलने पर मजबूर हो जाते हैं। कई छात्र तो अपनी परेशानियों से जूझते हुए आत्महत्या तक कर जाते हैं। उसके पश्चात भी बैंकों को उपभोक्ताओं को परेशान करने में कुछ ज्यादा ही आनंद आता है।

# साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने चुनी सबसे युवा खिलाड़ी 12 वर्षीय चाक्षिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन २ के विमेंस मेगा ऑक्शन के दूसरे दिन टीमों ने कई दमदार फैसले लिए और स्मार्ट रणनीतियाँ अपनाईं, ताकि आने वाला सीजन रोमांचक बनाया जा सके। सभी खिलाड़ियों की खरीद में सबसे ज्यादा ध्यान 12 साल की चाक्षिता ने खींचा, जो दिल्ली क्रिकेट सर्किट से आती हैं। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया है और अब चाक्षिता इस सीजन डीपीएल टी20 में साउथ दिल्ली की ओर से डेब्यू करेंगी। श्वेता सहरावत को फिर से कप्तान बनाए रखना टीम के इरादों को साफ दर्शाता है। वह एक दमदार ओपनर और भरोसेमंद लीडर हैं, जो पहले सीजन के शानदार अनुभव और आत्मविश्वास के साथ एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी। वहीं, 12 साल की चाक्षिता को खरीदना यह दिखाता है कि फ्रेंचाइजी भविष्य में निवेश करना चाहती है और अनुभव व युवा खिलाड़ियों के बीच अच्छा संतुलन बनाना चाहती है। साउथ दिल्ली की मुख्य रणनीति टीम में निरंतरता, तालमेल और मजबूत करैक्टर पर रही। टीम ने ऐसे खिलाड़ियों को तरजीह दी जो दबाव में भी शांत रह सकें और जीत की भूख के साथ मैदान में उतरें। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज वीमेन टीम में शामिल हैं। श्वेता सहरावत, एकता भड़ाना, शिवि शर्मा, तनिषा सिंह, मेधावी बिधूड़ी, रिया सोनी, मानसी सिंह, तनिषा, हिमाक्षी चौधरी, गोयंका शर्मा, छवि गुप्ता, दिशा नागर, कशिश, आर. प्रियमदर्शिनी, ऐश्वर्या शर्मा, ईशिका सिंह, मिताली आर., रूपाली, चाक्षिता टीम की कप्तान श्वेता सहरावत ने कहा, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज में फिर से शामिल होकर बहुत अच्छा लग रहा है।

# उदयपुर फाइल्स से हटाए गए आपत्तिजनक अंश

**दिल्ली।** एक सोशल पोस्ट करने के बाद उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल साहू की हत्या होने पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज रोकने की मांग को लेकर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की तरफ से दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की।

इस दौरान सेंसर बोर्ड ने कहा कि फिल्म से आपत्तिजनक हिस्से हटाए गए। वहीं, फिल्म निर्माता के वकील ने पुष्टि की कि कटौतियां की गई हैं। इस पर मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में अरशद मदनी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सेंसर बोर्ड की तरफ पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा के लिए फिल्म और ट्रेलर की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नालिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 306691 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी पर एलएचबी व्हील डिस्क सेट पर एडी करंट एरे (ईसीए) तकनीक द्वारा सतह दोष का पता लगाना" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 8867088/-जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 177400/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | रु. शून्य/- |
| 6 | कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र की तारीख से 36 माह |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 29.07.2025 समय 15:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 306691 दिनांक : 08.07.2025 2060/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पिकअप पलटने से किसान की मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलौता गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मंगलवार देर रात एक पिकअप वाहन के पलट जाने से एक किसान की मौत हो गई और चालक सहित दस अन्य किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलौता गांव के पास शिवा ढाबे के निकट हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के आदमपुर गांव के चालक अरुण अपनी पिकअप में उसी गांव के दस किसानों के साथ दिल्ली मंडी में सब्जी बेचने जा रहे थे। इनमें कृष्णपाल, रामचंद्र, रामनाथ, ब्रह्मपाल, जगवा, लक्ष्मण, दिनेश, जोगेंद्र, प्रेम और एक अन्य किसान शामिल थे। रात करीब 12 बजे जब उनकी पिकअप राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बछलौता गांव के पास शिवा ढाबे के निकट पहुंची, तो वाहन का एक्सेल अचानक टूट गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अमरोहा के आदमपुर निवासी किसान कृष्णपाल की मौके पर ही मौत हो गई। चालक अरुण समेत अन्य नौ किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।



सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल किसानों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक कृष्णपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिकअप और राजमार्ग पर बिखरी सब्जियों को हटाकर यातायात को सुचारु किया। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक और घायल किसानों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा वाहन के एक्सेल टूटने के कारण हुआ प्रतीत होता है।

# चलती बाइक में लगी भीषण आग, टला हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर डीएवी पब्लिक स्कूल के पास एक चलती बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि राहगीरों और पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमरी में अपने रिश्तेदार असलम के घर रहकर बीफार्मा की पढ़ाई कर रहे शोएब अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से मोबाइल खरीदने बाजार जा रहे थे। दिल्ली रोड पर जैसे ही वे डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंचे, उनकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देखकर शोएब ने तुरंत बाइक को सड़क किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें देखकर राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से मिट्टी और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग इतनी भीषण थी कि बुलेट मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि आग शॉर्ट सर्किट या पेट्रोल लीक होने के कारण लगी हो सकती है, लेकिन आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।



# भाकियू अराजनैतिक की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक गन्ना समिति सिंभावली में जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का संचालन रामकुमार आर्य ने किया और जिला संरक्षक कटार सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए पवन फौजी सलारपुर को सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष और बिजेंद्र अधाना को युवा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक में सिंभावली मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर निर्णय लिया गया कि मिल का रखबा गन्ने की खेती का रकबा काटा जाए और इसे अन्य चीनी मिलों को वितरित किया जाए ताकि किसानों को समय पर उनके गन्ने का भुगतान मिल सके। इस बैठक में जितेंद्र नागर, जोगिंदर मावी, विनोद तोमर, ओपी भाटी, संजय यादव, डा. फिरासत अली, विनीत कुमार, यशवीर नागर, इंद्रजीत सिंह, यशपाल हूण, रिंकू हूण, सुनील, रूपराम, इंद्रजीत प्रधान, सुरेंद्र नागर, सुशील सरदार, जयपाल, दुष्यंत, लाला भड़ाना सहित कई अन्य सदस्य और किसान मौजूद रहे।



# वेल्डिंग की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ग्राम सिखैडा स्थित वैल्डिंग की दुकान में हुई चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान वैल्डिंग मशीन, गलाईन्डर व ड्रिल हैमर आदि बरामद किया है।



थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने ग्राम सिखैडा स्थित वैल्डिंग की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था संबंधित मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की घटना फरार चल रहे दो आरोपी शाहरूख पुत्र शमशाद और आले नबी पुत्र हसरत निवासी ग्राम सिखेडा थाना सिम्भावली जनपद हापुड को ग्राम सिखेडा से नया हाईवे जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी का माल वैल्डिंग मशीन, गलाईन्डर व ड्रिल हैमर आदि बरामद हुआ है। चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

# हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलटी कार, दो की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मंगलवार की देर रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बछलौता फ्लाईओवर के पास एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर सड़क के दूसरी ओर पलट गई, जिससे कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली के जाफराबाद निवासी शोएब, लक्ष्मी नगर के फैज, साहिल, अली और कृष्णा नगर के हर्षित गुप्ता उत्तराखंड के नैनीताल घूमने गए थे। मंगलवार की देर रात को वे सभी वापस दिल्ली लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार बछलौता फ्लाईओवर पर कार चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क के दूसरी ओर जाकर पलट गई। इस हादसे में शोएब और फैज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं साहिल, अली और हर्षित गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतकों और घायलों के परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी है। दुर्घटनाग्रस्त कार को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारु किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू की जाएगी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ओवरटेक करने के दौरान चालक का नियंत्रण खोना ही इस भीषण दुर्घटना का मुख्य कारण रहा।

# युवती का अपहरण करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ पुलिस ने युवती का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया की युवती के परिजनों द्वारा थाने पर युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने युवती का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुनील पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम चित्तौडा मौईद्दीनपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को ठण्डी संडक स्थित आश्रम के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की युवती को भी सकुशल बरामद कर कागजी कार्रवाई करने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बुधवार को नगर पालिका परिषद के कंपाउंड एवं शैलेष फार्म कॉलोनी स्थित शहीद स्थल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल व अधिशासी अधिकारी पौधारोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने आम, नीम, जामुन और अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा अपने जीवन मे अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह, नवजीव सक्सेना, शैलेन्द्र गॉड, कछिद लाल शर्मा, वरुण शर्मा, राकेश, राजीव जोहर, सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। वही दूसरी ओर दहपा रोड स्थित डाक्टर अम्बेडकर पार्क पिलखुवा में डा. अम्बेडकर ट्रस्ट ने पौधारोपण किया जिसमें सभासद अजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक ने किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत धौलाना विधानसभा के गांव फगौता में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने सोमवार को जामुन और अमरूद के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक धर्मेश तोमर ने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। जितने अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे, आने वाली पीढ़ियों को उतना ही सुरक्षित भविष्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा एक ही दिन में 35 करोड़ वृक्ष लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है, जो पर्यावरण सुरक्षा के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि यह अभियान केवल एक दिन का न रह जाए, बल्कि जन आंदोलन बन जाए। इस अवसर पर नरेंद्र सिसोदिया, यशपाल सिंह सिसोदिया, राजपाल, सुबोध, देवेंद्र शर्मा, नीरज, धर्मेंद्र, नवीन समेत सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



# सरस्वती इंस्टीट्यूट में महिला का निकाला ट्यूमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 20 वर्षीय एक महिला का 7 किलोग्राम का दुर्लभ ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया। यह ट्यूमर म्यूसिनस सिस्ट एडेनोकार्सिनोमा यानी पेट का एक जटिल और दुर्लभ प्रकार था, जिसकी जड़ें शरीर में काफी दूर तक फैली हुई थीं।

यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी सर्जरी विभाग के एचओडी चीफ सर्जन डॉ. राजीव मजूमदार और उनकी टीम द्वारा की गई। टीम में डा. शालीन जैन और डा. राजेश बहादुर शामिल थे। रेसिडेंट सर्जन के तौर पर डा. पल्लवी, डा. जय, डा. रवितेजा, डा. दिवाकर, डा. प्रीति, डा. राजदान और डा. उत्कर्ष ने भी ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनेस्थीसिया विभाग से डा. शैलजा शर्मा ने भी इस सर्जरी में अपना सहयोग दिया। यह सफल सर्जरी संस्थान के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन के तत्वावधान में चलाए जा रहे एक विशेष चिकित्सा कार्यक्रम के तहत की गई।



# ग्रामीणों को मिली सौगात, दो नई रोडवेज बसों को मिली हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को अब शहरों तक सीधी और सुलभ यात्रा की सुविधा मिलेगी।

बुधवार को क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने दो नई रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली बस गांव पारपा से इकलैंडी, बझैड़ा, सपनावत, बड़ौदा सिहानी, भटियाना और हापुड़ होते हुए मेरठ पहुंचेगी। दूसरी बस फगौता से पिलखुवा होकर गाजियाबाद के कौशांबी तक जाएगी। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांवों को हर प्रकार की सुविधा से जोड़ना है, ताकि ग्रामीण भी शहरों जैसी सुविधा महसूस कर सकें। बस संचालन के शुभारंभ अवसर पर एआरएम रंजीत सहित रोडवेज कर्मचारी और आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# कूड़ा डाले जाने के विरोध में रामलीला समिति ने अधिशासी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में कूड़ा डाले जाने को लेकर रामलीला समिति रजिस्टर्ड, हापुड़ ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सोपते हुए रामलीला मैदान में नगर पालिका द्वारा कूड़ा डाले जाने पर तत्काल रोक लगाने का बात कही।

समिति के पदाधिकारियों ने इस गंभीर समस्या पर प्रकाश डालते हुए समिति के संरक्षक अनिल आज़ाद एडवोकेट ने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से नगर पालिका द्वारा रामलीला ग्राउंड में कूड़ा डाला जा रहा है, जबकि यह रामलीला समिति की निजी संपत्ति है। 10 से भी अधिक बार शिकायतें करने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संरक्षक रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में 2 वर्ष पहले रामलीला महोत्सव शुरू होने से पहले जिलाधिकारी को भी सूचना दी गई थी, लेकिन उसका भी आज तक कोई निस्तारण नहीं हुआ। ऐसे में कूड़े और गंदगी के बीच से कांवड़ियों का निकलना बेहद मुश्किल होगा। समिति के पदा. धिकारियों ने अधिशासी अधिकारी से तत्काल इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि रामलीला ग्राउंड में कूड़ा डालना बंद नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी से मिलेंगे और यदि फिर भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वे मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाएंगे।



# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्कूल में लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नरैनी।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य,शिक्षकों,कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व व वृक्षारोपण कर वृक्षों की सुरक्षा करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा,प्रवीण मिश्रा,अश्वनी शर्मा,अनमोल उपाध्याय आदि शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से नकदी, दस्तावेज, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार बरामद की है।

एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 30 जून 2025 की रात पीड़ित मुनेश कुमार भारती को ब्रजघाट टोल प्लाजा के पास आरोपियों ने अपनी स्विफ्ट कार में लिफ्ट देने के बहाने बैठाया। कार में बैठाने के बाद, उन्होंने मुनेश के साथ अवैध असलहे से धमक. ाकर मारपीट की। आरोपियों ने उनसे आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, कुछ नकदी, बैग और एटीएम का पासवर्ड छीन लिया और बाद में उनके खाते से पैसे भी निकाल लिए। उन्होंने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए शातिर बदमाशों को बागड़पुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाशों की पहचान सिंघाल कुमार पुत्र अमरेश कुमार , सुमित पुत्र राकेश, अयान पुत्र नसीम शेख व विशाल पुत्र अमरेश कुमार के रूप में हुई है। बताया कि बदमाशों के कब्जे से लूटी गई 32 हज़ार रूपये की नकदी, एक एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, किसान यूनियन का परिचय पत्र, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है।



# डीएम ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय व पुलिस अधीकक्षक कुंवर ज्ञानंजयद्वारा ने आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना पिलखुवा पर पिलखुवा सर्किल के सभी थानों के समस्त डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी आयोजित कर डीजे की ऊंचाई व नियंत्रण ध्वनि में डीजे बजाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डी जे की उंचाई दस ओर बारह फुट से अधिक नही होगी चौड़ाई मुख्य सचिव व डी जी पी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान निर्देश दिए कांवड़ यात्रा के दौरान मांस की दुकान बंद रहेगी। कांवड़ यात्रा के दौरान नगर पालिका द्वारा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

# नोएडा में रोपित किए गए 12 लाख पौधे

## राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर बोले: पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी हमारा नैतिक दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत नोएडा में निर्धारित लक्ष्य 10 लाख 54 हजार 600 पौधे रोपित करने का था। लेकिन 12 लाख से ज्यादा पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण सेक्टर 43 एवं सेक्टर 54 ग्रीन बेल्ट में किया गया।

इस मौके पर ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर सांसद सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, डीएम मनीष वर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर मौलश्री, लॉजिस्टोनिया, अमलतास, गुलर, पिलखन, बरगद आदि के पौधे रोपित किए गए। सेक्टर 43 ग्रीन बेल्ट में त्रिवेणी की स्थापना भी की।

राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने अपने कहा कि आज का यह दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का दिन है। पौधरोपण



महाभियान-2025 का यह आयोजन न केवल एक पर्यावरणीय अभियान है।

बल्कि यह हमारे भविष्य को संरक्षित करने की दिशा में उठाया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक कदम है। मैं इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखा और हम सबको 'हरित भारत ख स्वच्छ भारत' के संकल्प से जोड़ा।

**हर पौधे की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी:** उन्होंने कहा कि दूरदर्शिता और मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता के चलते उत्तर प्रदेश आज पौधरोपण के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी राज्य बन गया है।

करोड़ों वृक्षों का रोपण केवल आंकड़ा नहीं, यह हमारी धरती माता के प्रति हमारी श्रद्धा है। भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी को यह प्रण लेना है कि न केवल वृक्षारोपण करें, बल्कि लगाए गए हर वृक्ष की सुरक्षा और पालन-पोषण भी करें। उन्होंने कहा कि षजिस प्रकार एक मां बिना किसी स्वार्थ के अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उन्हें स्नेह, सुरक्षा और जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष भी हमें नि:स्वार्थ भाव से ऑक्सीजन, फल-फूल, छाया और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं।

मां और वृक्ष दोनों ही जीवनदायिनी हैंध। आज आवश्यकता है कि हम वृक्षों को केवल प्राकृतिक संसाधन के रूप में न देखकर, उन्हें भी उसी श्रद्धा और समर्पण से सेवा करें, जैसे हम अपनी मां की करते हैं। वृक्षारोपण एक कर्म नहीं, बल्कि एक कर्तव्य है।

# निवेश में मुनाफा दिखाकर 34 लाख ठगे

## साइबर क्राइम पुलिस से की शिकायत, इंस्टाग्राम पर मिला था मैसेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 34 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित ने साइबर सेल पुलिस से शिकायत की है। जिन खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया है, उनकी डिटेल निकाल रही है।

पीड़ित रामबहादुर सेक्टर-120 प्रतीक लारेल सोसाइटी में रहते है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके पास इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया था। ये मैसेज एसबीआई सिक्योरिटीज के नाम से था। बतौर इसका एक लिंक था।

जिस पर क्लिक करते ही एक फोन नंबर आया और चेटिंग शुरू हो गई। चेटिंग के दौरान उसने शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि आज आप एक लाख रुपए लगाएंगे तो 1.15 लाख रुपए मिलेगा।




**लालच में आकर लगा दिए पैसे:** लालच में आकर 20 मई 2025 को 5 हजार रुपए लगाए।

जो बढ़कर 5448 हो गए। इसके बाद फंड एड करते रहे। धीरे धीरे करके करीब 10 से ज्यादा बार ट्रांजैक्शन करके 34 लाख रुपए ट्रेडिंग में लगा दिए। इसके बाद ट्रेडिंग अकाउंट से पैसा निकालने के लिए कहा तो सामने वाले ने कमीशन के लिए 23.89 लाख रुपए मांगे। उसने कहा इतने पैसे जमा कर दीजिए और सारा पैसा निकाल लीजिए।

**सिक्योरिटी ऑफिस ने बताया हो गया फ्रॉड:** इसके बाद हम सेक्टर-18 स्थित एसबीआई सिक्योरिटीज के ऑफिस पहुंचे। वहां बताया गया कि ऐसा कोई प्लान और काम यहां नहीं होता। शिकायत में बताया इन लोगों ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया है। जिस पर पहले से 83 लोग जुड़े थे। फिलहाल साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रमिक संगठनों ने हड़ताल कर पैदल मार्च निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रमिक संगठनों ने बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हड़ताल की और पैदल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। श्रमिक संगठनों ने दावा किया है कि उनकी हड़ताल सफल रही। हालांकि, औद्योगिक सेक्टर में सभी इकाई रोजाना की तरह खुली रहीं।

एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने बताया कि शहर में सभी इकाइयां हर रोज की तरह खुली। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई। श्रमिक संगठनों की हड़ताल शांतिपूर्ण रही। वहीं, सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त ने शर्मा ने बताया कि हड़ताल सफल रही। औद्योगिक क्षेत्रों और मजदूर बस्तियों से जुलूस निकाले गए और नुक्कड़ सभा करके श्रमिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के जरिए काम के घंटे, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा पर सरकार द्वारा किए जा रहे हमलों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियन और स्वतंत्र औद्योगिक फेडरेशन और अन्य सहयोगी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत जिले में भी विरोध दर्ज कराया गया। श्रमिकों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर में हड़ताल करके मार्च निकला।

जिला कलेक्टर पर हुए प्रदर्शन को किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा, सीपीआई(एम) दिल्ली राज्य सचिव मंडल सदस्य राजीव कुंवर, लोक मजदूर सभा के नेता देवेंद्र अवाना, सीटू जिला महासचिव रामसागर ने संबोधित किया। एक जुलूस खोड़ा लेबर चौक से यूपीएलएफ नेता रामनरेश यादव, श्रमिक विकास संगठन के नेता विनोद पांडे के नेतृत्व में शुरू हुआ, जिसका समापन सेक्टर-57 चौराहे पर हुआ। सेक्टर-8 बांस-बल्ली मार्केट से सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, हरी गुप्ता, राजकरण सिंह, राजू, अरुण सिंह, धर्मेंद्र कुमार गौतम, टीयूसीआई नेता उदय चंद्र झा, जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, चंदा बेगम के नेतृत्व में जुलूस शुरू हुआ।

इसका समापन नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-6 पर प्रदर्शन करके तीन ज्ञापन दिए जाने के साथ हुआ। हिन्द मजदूर के प्रदेश सचिव आरपी सिंह चौहान ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में विरोध प्रदर्शन किया गया। नोएडा में फेज-1 के सेक्टर-1 से 11 तक मार्च निकाला गया। श्रमिक लेवर कोर्ट बिल वापस करने, श्रमिकों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने और श्रम कानूनों को पालन करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया।

# नोएडा में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## दिल्ली-एनसीआर के थानों में दर्ज 18 मुकदमे, बाइक चोरी और लूटपाट करता था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पर दिल्ली एनसीआर में करीब 18 मुकदमे दर्ज है। पुलिस इसके साथी की तलाश कर रही है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सेक्टर-54 एलिवेटेड रोड के नीचे बैरियर लगाकर चौकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक स्कूटी सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने संदिग्ध प्रतीत होने पर उसको रुकने का इशारा किया।

पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर सेक्टर-54 के जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। बदमाश की स्कूटी असंतुलित होने के कारण वह टकराकर गिर गई। बदमाश ने अपने को घिरता देखकर तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

**बदमाश के पैर में लगी गोली:** पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। घायल बदमाश की पहचान रवि निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई।

उसकी उम्र करीब 29 साल है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा बिना नंबर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि रवि शातिर



किस्म का अपराधी है।

**सेक्टर में रेकी कर करता था चोरी:** ये सेक्टर, सोसाइटी व सार्वजनिक स्थानों पर खड़े दो पहिया वाहनो को रेकी कर चोरी कर लेता है और राह चलते व्यक्तियों से उनका मोबाइल फोन छीन लेता है।

बरामद स्कूटी व मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने साथी के साथ मिलकर यह स्कूटी करीब 15 दिन पहले सेक्टर-34 नोएडा से चोरी की थी। मोबाइल फोन राह चलते व्यक्ति से छीना था। बदमाश की जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी गई है।

# पुलिस की तीन बदमाशों से मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस डीएलएफ मॉल के पास चौकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया। वो नहीं रुके और मौके से भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने 900 मीटर तक उनका पीछा किया। बदमाश कार से भागते हुए सेक्टर 18 नोएडा स्थित मल्टीलेवल पार्किग के समीप जंगल की ओर पहुंचे। वहां बदमाशों ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

पुलिस ने कई बार वार्निंग दी। लेकिन वो नहीं माने पुलिस ने जवाबी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अशरफ उर्फ अजय निवासी बिसरख ग्रेटर नोएडा हुई। उसके दो साथी अंधेरे में भागने लगे। कांबिंग के दौरान उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान आरिफ उर्फ तसलीम और सलमान उर्फ आसिफ के हुई। दोनों ऐटा के रहने वाले है। इनके कब्जे से एक-एक तमंचा, चोरी के 45000 रुपए नगद बरामद किए गए।

**घरों में रेकी कर करते चोरी:** पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि हम तीनों लोग मिलकर दिन में घरो की रेकी करते है। मौका मिलने पर घरों में चोरी कर लेते है। हम लोगों ने दिल्ली एवं नोएडा क्षेत्र के कई घरों में चोरी की कई घटनाएं की है। इस गाड़ी का नंबर प्लेट हटाकर घटना करने के लिए निकलते है और घटना को अंजाम देते है।

## एक नजर

### ग्रेनो वेस्ट में भीषण जाम लगा, एंबुलेंस भी फंसी

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही। किसान चौक से पर्थला ब्रिज की तरफ जाने वाले मार्ग पर बुधवार को करीब दो घंटे तक वाहनों की कतार लगी रही। जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई। एक मूर्ति गोल चक्कर से पर्थला ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर तीन लेन से आने वाला ट्रैफिक किसान चौक के पास पहुंचने के बाद दो लेन में बदल जाता है। मार्ग पर दबाव बढ़ने से स्थिति बिगड़ने लगती है। लोगों का कहना है कि किसान चौक पर निर्माण कार्य की वजह से सुबह और शाम के समय रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। बुधवार को जाम में एंबुलेंस फंस गई। लोगों ने इस पर रोष जताया। साथ ही, सोशल मीडिया पर नाराजगी भी जाहिर की। वहीं, आरोप है कि रोजाना जाम लगने की वजह से लोगों को अपने दफ्तर पहुंचने के लिए घर से आधे घंटे पहले निकलना पड़ता है। इसके बाद भी वे घंटों जाम में फंसे रहते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई भी तैयार नहीं है।

### एक महीने में ही टूटी नई सड़कें

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नई सड़कें महीने भर में ही टूटने लगी हैं। नवादा से अमरपुर तक जाने वाली सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने एक महीने पहले इस सड़क का निर्माण किया था। दनकौर-सिकंदराबाद रोड से बिजली घर के सामने यमुना एक्सप्रेसवे तक जाने वाली सड़क भी 15 दिन पहले ही बनी थी। यह सड़क भी कई जगहों से टूट गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। इस मामले में क्षेत्रीय समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की है।

### दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में एक विवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के भाई भोलू ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी 5 साल पहले जमालपुर गांव निवासी विनय से हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। इसी कारण पूजा पिछले 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। करीब 15 दिन पहले आरोपी पूजा को वापस ससुराल ले गए थे। मंगलवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर बुधवार को पति विनय, ससुर सुंदर, सास सुरेश, जेठ कपिल, जेठानी बबली और ननद स्वाति के खिलाफ केस दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल पाएगा।

# उद्यान विभाग एवं आरडब्ल्यूए ने किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में सैंतीस करोड़ पौधे लगाने के अंतर्गत आज नोएडा उद्यान विभाग की टीम और आरडब्ल्यूए ने सेक्टर 22 के माध्यम से सेक्टर में वृक्ष लगाए गए। जिसमें आंवला, अमरूद, जामुन ओर विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए।

वृक्ष के द्वारा वातावरण में प्राणवायु (ऑक्सीजन) शुद्धता, निर्मलता बनी रहती है, जो कि अत्यधिक मनुष्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार वैश्विक भूमंडल में इसकी निरंतरता में कमी महसूस की जा रही है। अच्छे कार्य के लिए सभी



को सैल्यूट करते हुए।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्राधिकरण के धनसिंह अपनी समस्त टीम के साथ और सेक्टर से संग्रक्षक रवि शर्मा, महासचिव लक्ष्मण धस्माना, पवन शर्मा, अजित पांडे, शुभम शर्मा, राम कुमार, सुनील कुशवाह तथा मदन शर्मा सहित सेक्टरवासी मौजूद रहे तथा वृक्ष लगाने में सहयोग किया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**ग्रेटर नोएडा।** एनटीपीसी के समीप ततारपुर मोड़ पर करीब 10 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के मामा ने अब इस मामले में आरोपी टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। बागपत के रहने वाले धीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 29 जून को उनका भांजा विनीत अपने दोस्त लव के साथ बुलेट बाइक पर सवार होकर सिकंदराबाद जा रहा था। एनटीपीसी के ततारपुर मोड़ के समीप एक टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद पीछे बैठा विनीत सड़क पर गिर गया।

# चार मंजिला भवन में सिलेंडर फटने से आग लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-87 स्थित नया गांव में मंगलवार रात एक चार मंजिला रिहायशी भवन में खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लगने के बाद फटने से हड़कंप मच गया। भवन में रहने वाले 100 से अधिक लोग छत पर चढ़ गए, जिन्हें दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से बचाया। छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस के मुताबिक नया गांव निवासी जीतन भाटी ने अपनी जमीन पर चार मंजिला भवन बना रखा है। इस भवन में 80 से अधिक कमरे बने हैं, जिनका इस्तेमाल किराए पर रहने वाले लोगों के लिए किया जाता है। इन कमरों में करीब 150 से अधिक लोग परिवार के साथ रहते हैं।

मंगलवार रात 11 बजकर 24 मिनट पर फायर सर्विस यूनिट को भवन में 14 किलोग्राम का एलपीजी गैस का सिलेंडर फटने से आग लगने की सूचना मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से छह गाड़ी रवाना की गई। इसके अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और एडवांस रेस्क्यू टेंडर रवाना किया गया। मौके पर जाकर देखा तो आग भवन के प्रथम तल पर बने एक कमरे में लगी थी। टीम के पहुंचने से पहले सिलेंडर फट चुका था। कमरे में रखा फ्रीज भी आग की चपेट में आ गया और उसका कंप्रेसर भी फट गया।

# किसानों की महापंचायत 30 जुलाई को दनकौर में

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। दनकौर में 30 जुलाई को महापंचायत आयोजित की जाएगी। बुधवार को इसकी तैयारियों को लेकर बैठक हुई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अर्जुन प्रधान ने बैठक की अध्यक्षता की। सूबेराम मास्टर ने संचालन किया। किसान सैकड़ों ट्रैक्टरों और वाहनों के साथ महापंचायत में शामिल होंगे। प्राधिकरणों की नीतियों के विरोध में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को महापंचायत के लिए प्रेरित करेंगे। संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पवन खटाना ने कहा कि ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**(क.ख.) महोदय जनपद-रामपुर**
**मूलवाद संख्या-** 357/2024

**आलोक कुमार अग्रवाल आयु लगभग** 52 **वर्ष पुत्र स्व.सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी शाहबाद रोड ज्वालानगर, तहसील सदर जिला रामपुर, उ.प्र.। ......वादी**

**बनाम**

1-तुषार जैन आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व. भयाम बिहारी लाल जैन निवासी ज्वालानगर तहसील सदर जिला रामपुर। हाल निवासी ए-901, प्रतीक लॉरेल सोसायटी, सेक्टर-120, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।

2- प्रमोद बिहारी जैन आयु लगभग 73 वर्ष पुत्र स्व. भयाम बिहारी लाल जैन निवासी ज्वालानगर तहसील सदर जिला रामपुर। हाल निवासी ए-901, प्रतीक लॉरेल सोसायटी, सेक्टर-120, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर।

**.......प्रतिवादीगण**

**इस्तेहार मजरिया**

को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में मा. न्यायालय द्वारा प्रतिवादीगण को न्यायालय उपस्थित आने में रजिस्टर्ड डाक द्वारा कई बार सम्मन / नोटिस भेजा गया परन्तु प्रतिवादीगण न्यायालय में उपस्थित नहीं आये और न ही कोई सूचना अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में भेजी। अत: यह इस्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त वाद के सम्बन्ध में आप प्रतिवादीगण मा. न्यायालय में दि. -17.07.2025 को प्रात: 10 बजे प्रस्तुत हों। यदि आप प्रतिवादीगण उक्त दि.-17.07.2025 को मा. न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए तो नियमानुसार आपके विरूद्ध एक पक्षीय निर्णय / आदेश पारित किया जायेगा। आज दिनांक-.08.07.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

आज दि.-08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया।

**न्यायालय सिविल जज**
**(जू.डि.) रामपुर।**

# दुकानदार से ठगी गई रकम वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना थाने की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा एक दुकानदार से साथ हुई साइबर ठगी के 40 हजार रुपये उसके खाते में वापस करवाए गए हैं। साइबर ठगों ने पीड़ित दुकानदार को झांसे में लेकर 52 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासना कस्बे में रहने वाले लक्की गुप्ता के साथ कुछ दिनों पहले साइबर ठगी की घटना हुई थी। पीड़ित कस्बे में सेनेटरी की दुकान चलाते हैं साइबर ठगों ने सेनेटरी का सामान खरीदने का लालच देकर पीड़ित को झांसे में लिया। इसके लिए पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजा।

पीड़ित द्वारा लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 52,250 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने इस घटना की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। थाना कासना साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर संबंधित बैंक से सामंजस्य स्थापित किया। पीड़ित के करीब 40 हजार रुपये को वापस करा दिए। साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए आवेदक द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# कांवड़ यात्रा के मार्गों का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में श्रावण मास के दौरान चलने वाले कावड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तहसील जेवर के ग्राम खेड़ा भाईपुर में स्थित प्राचीन नानकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर, यात्रा मार्गो एवं तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो। साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, विद्युत



आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरे तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए।

उन्होंने कावड़ मार्गों पर सड़क मरम्मत, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की उपलब्धता एवं प्राथमिक उपचार केंद्रों की स्थापना की स्थिति की समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रबंधकों के साथ बैठक करते हुये कहा कि कावड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए उनके द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप पूर्ण कर ली जाएं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एसीपी सार्थक सैंगर, वन विभाग से अनामिका, मंदिर समति के पदाधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने के बहाने पांच लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने एक व्यक्ति के साथ पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये देने के दस महीने बाद जब काम नहीं मिला तो पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने की पुलिस से की। शिकायती पत्र में सेक्टर-39 थाना क्षेत्र निवासी रविश वत्स ने बताया कि करीब दस महीने पहले उनका संपर्क अनिल त्यागी से हुआ। अनिल ने विश्वास में लेने के बाद रविश की प्रोफाइल ली और कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने का दावा किया। इसके एवज में रविश ने अनिल को पांच लाख रुपये दे दिए। सारी रकम ऑनलाइन ली गई।

# नोडल अधिकारी ने आम का पौधा लगा किया जनपद स्तरीय अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में पुलिस लाइन परिसर में जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास तथा जिले के प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी और शासन द्वारा नामित प्रमुख सचिव, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा तथा औषधि प्रशासन विभाग एवं जनपद नोडल अधिकारी रंजन कुमार की उपस्थिति में जिलेभर में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई जिसमें सभी ग्राम पंचायतों और नगरों में नागरिकों की सहभागिता से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण हुआ। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर में प्रभारी मंत्री,



नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश का वृक्षारोपण लक्ष्य इस चरण में 37 करोड़ है जिस क्रम में जनपद बागपत का लक्ष्य 15 लाख 1हजार 10पौधों का है जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में जन आंदोलन के रूप में वृक्षारा. ेपण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रदेश में 2017 से अब तक वन क्षेत्र में 4प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से कार्बन क्रेडिट सृजित कर किसानों के लिए राजस्व अर्जन के अवसर भी खोले जा सकते हैं। इसके लिए कृषि विभाग और वन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पड़ती जमीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश का वन क्षेत्र प्रतिशत वर्तमान से बढ़कर राष्ट्रीय औसत 33प्रतिशत के करीब पहुंचे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मौसमी का पौधा लगाया, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने आम का पौधा लगाया, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा सहित सभी विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्कूली बच्चों ने भाग लेकर पौधारोपण किया।

सभी ने 'एक पेड़ मां के नाम' को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया, ताकि उत्तर प्रदेश हरित आच्छादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन सके।

## एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण जन अभियान के तहत कस्बे में किया पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** बुधवार को नगर पंचायत छपरौली में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण जन अभियान 2025 के अन्तर्गत कस्बे मे पौधरोपण का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है। इस अभियान अन्तर्गत कस्बा छपरौली स्थित शमशान घाट, यमुना रोड, विद्या मंदिर तालाब, ईदगाह एवं कब्रिस्तान मे पौध रोपण का कार्य किया गया। अभियान में अधिशासी अधिकारी सीमा राघव, लिपिक तहजूब, विशाल, अमित, उमेश, हरेन्द्र, महेश, विकास, सचिन, वंश, सागर काम्बोज आदि कर्मचरीगण रहे।

## मनोज गुर्जर बने लोक जनशक्ति पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोक जनशक्ति पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जयकुमार ठाकुर के निर्दोनुसार मनोज कुमार गुर्जर बली को जनपद का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर मनोज कुमार गुर्जर ने प्रदेश कमेटी क्षेत्रीय कमेटी राष्ट्रीय नेतृत्व सहित तमाम लोक जनशक्ति पार्टी के पदाधिकारीगण का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होने कहां कि मुझे इतनी बड़ी अहम जिम्मेदारी से नवाजा है और जो जिम्मेदारी मुझे प्रदेश कमेटी द्वारा दी गई है मैं उसका शक्रगुजार हूं और पूर्ण रूप से लोक जनशक्ति पार्टी का निर्वहन करुंगा। उन्होने कहा कि



लोक जनशक्ति पार्टी की नीतियों को जन जन पहुंचने का काम करूंगा। उनका कहना है कि पार्टी के सुप्रीमो भारत सरकार में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के हाथों को बागपत से मजबूत करने का कार्य करूंगा। इस मौके पर सचिन तवर, राजीव कश्यप, मानू जाटव, प्रदीप बिधूडी, मनमोहन जिंदल आदि मौजूद रहे।

## मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं कराई जाएं उपलब्धः नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत का निरीक्षण किया। उन्होंने क्यूआर कोड में ओपीडी की पर्ची कैसे बनती है उसके संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा 90 मरीजों की रक्त जांच पैथोलॉजी लैब में की जा चुकी थी। उन्होंने वहां पर लैब में रखी मशीनों को भी चलवा कर देखा। डॉट सेंटर में टीवी के संबंध में जानकारी ली और रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से निर्देश दिए और रिकॉर्ड देखा।

नोडल अधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल जाना और किसको द्वारा दिया जा रहा उपचार के संबंध में भी फीडबैक लिया। एमएनसीयू वार्ड,



एनबीएसयू वार्ड, सामान्य ओपीडी, महिला ओपीडी 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी पहुंच कर अल्ट्रासाउंड कर सकती हैं जिसका खर्चा सरकार द्वारा बहन किया जाता है। लाभार्थी को अपनी जेब से कोई खर्चा देना नहीं पड़ता। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से नियॉनटल केयर यूनिट देखा और निर्देश दिए कि जच्चा-बच्चा केंद्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाए जिसमें चार बच्चे भर्ती थे। उन्होंने ने एमएनसीयू में भर्ती कम वजन के दो नवजात बच्चों की माताओं को फल दिए, और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रसूति वार्ड में भर्ती जच्चा से भी अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए, मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अमरूद का पेड़ लगाकर पौधों को संरक्षण करने का आवाहन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.विकास राजपूत सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वृक्ष मानव जीवन के लिए है अत्यंत महत्वपूर्णःरंजन कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आज उत्तर प्रदेश की लगभग 5 लाख एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण हो चुका है। वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह जल संरक्षण, कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण, पर्यावरण संतुलन, छाया, फल, औषधीय गुण एवं भवन निर्माण सामग्री के प्रमुख स्रोत हैं। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करें। मंत्री ने मुख्यमंत्री की मंशा को दोहराते हुए कहा कि विधायक निधि से 1प्रतिशत ट्री-गार्ड के लिए व्यय किया जाएगा और हर व्यक्ति को कम से कम 5 पौधे लगाने के संकल्प के साथ आगे आना चाहिए ताकि उत्तर प्रदेश में हरित क्रांति लाई जा सके। प्रमुख सचिव, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा तथा औषधि प्रशासन विभाग एवं जनपद नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि बागपत जिले में पूर्व में भी वृक्षारोपण कार्य प्रभावी रूप से हुए हैं। इस बार कॉपरनिकस सैटेलाइट (यूरोपीय स्पेस एजेंसी) के डेटा एवं इंडेक्स का उपयोग कर प्लानिंग की गई है, जिससे रोपण की प्रभावशीलता और निगरानी में तकनीकी सुख्रढ़ता आएगी। जनपद में लगभग 37 लाख पौधे रोपित करने की योजना है। किसानों की खेतों की मेड़ पर भी पौधे लगाने की रणनीति बनाई गई है।

### सैटेलाइट सर्वे से होगी मॉनिटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नोडल अधिकारी ने बताया कि इस अभियान की निगरानी ओपन सोर्स सैटेलाइट इमेजिंग से की जाएगी। इससे प्रत्येक क्षेत्र में पौधों की संख्या, वृद्धि एवं जीवित रहने की दर का आकलन संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन परिसर सहित नगर पंचायत क्षेत्रों में फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का चयनित रोपण किया गया है। सभी विभागाध्यक्ष, स्वयंसेवी संस्थाएं, ग्राम प्रधान एवं युवा संगठन भी इस महाअभियान में योगदान दे रहे हैं। अभियान का उद्देश्य केवल रोपण तक सीमित न होकर पौधों की देखरेख, सिंचाई, सुरक्षा, ट्री गार्ड की व्यवस्था और दीर्घकालीन निगरानी सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हरित प्रदेश के निर्माण हेतु यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

### पक्का घाट पर किया गया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने पक्का घाट पर सहजन का पौधा लगाया एवं अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के द्वितीय चरण के तहत यमुना पक्का घाट पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### एक पेड़ मां के नाम की अवधारणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित न होकर मां के प्रति श्रृद्धा, परिवार के प्रति उत्तरदायित्व और धरती मां के प्रतिज्ञता का प्रतीक बन गया है। पौधे को मां के नाम समर्पित करने से नागरिकों में आत्मीयता, लगाव और संरक्षण का भाव विकसित हो रहा है, जो किसी भी नीति को जनआंदोलन में बदलने का वास्तविक मंत्र है।

## विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने किया जिले भर में वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ के डा. दीपक गौतम ने बताया उत्तर प्रदेश में गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज की प्रकृति बचाने के लिए एक पेड़ मां के नाम की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने विश्व हिंदू महासंघ के सभी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण करने की मुहिम चलाने के लिए कहा जिसको आगे बढ़ते हुए बागपत विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने जिले भर में विभिन्न गांव में जाकर वृक्षारोपण किया तथा सभी गांव वालों को जन जागरण के माध्यम से जागरूक किया। इसके अंतर्गत बाबा कालु नाथ बाबा मटी नाथ देवस्थान कमाला में , सुंदर नगर बिनोली, हुजूराबाद गड़ी आदि



विभिन्न गांव में जाकर वृक्षारोपण किया तथा उपस्थित जन समुदाय को प्लास्टिक आदि से हो रहे नुकसान से भी अवगत कराया। सभी से कहा विश्व हिंदू महासंघ के साथ जुड़े ,जाति -पाति में बटेंगे तो ना हमारा धर्म सुरक्षित रहेगा ना ही हम सुरक्षित रहेंगे। हम सभी जाति धर्म से ऊपर उठकर विश्व हिंदू महासंघ से जुड़े। इस अवसर पर रामकुमार शर्मा वैभव राजपूत डा. दिव्या उज्जवल मीनाक्षी सिसोदिया राजेश उज्जवल दीपक जैन रणंजय लांबा प्रदीप गुप्ता ओमप्रकाश कश्यप राजेंद्र प्रजापति राम बहादुर यादव डा.सुशील शर्मा गोविंद डा. पहलाद मंजू पिंकी अलका अमित रवि कृष्णपाल आदि विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण जहां पर समाप्त किया गया। वहां पर विश्व हिंदू महासंघ की जय राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की जय, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज की जय, राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत महाराज की जय, प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की जय, जय जय श्री राम जयकारा वीर बजरंगी हर हर महादेव भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी से कावड़ यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा का आहवान किया गया।

## आर्यन भारद्वाज का भारतीय वॉलीबाल में चयन होने पर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत तहसील क्षेत्र के रूसतमपुर बावली गांव के आर्यन भारद्वाज का भारतीय वॉलीबाल टीम (अंडर-16) में चयन होने पर गांव में खुशी की लहर दौड गई है। चयन होने पर आर्यन के परिजनों व प्रियजनों ने उसे शुभकामनाएं दी।

बुधवार को गांव बावली निवासी आर्यन के पिता हरीशपाल ने बताया कि आर्यन ने गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहा है और वह कक्षा नौ का छात्र है। बताया कि उसका भारतीय वॉलीबाल टीम के लिये चयनित होना हमारे लिए गर्व की बात है। इस दौरान वॉलीबॉल प्रशिक्षक विमल द्विवेदी ने बताया कि आर्यन भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते



नजर आयेंगे। भारतीय टीम थाईलैंड में 12 से 19 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियन वॉलीबाल चैंपियनशिप अंडर-16 में प्रतिभाग करेगी। स्पोर्ट्स कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल अतुल सिन्हा, उमा देवी, आशीष, प्रियंका, कार्तिक आदि ने इस उपलब्धि पर आर्यन भारद्वाज को शुभकामनाएं दी।

## हत्या के मामले में दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगला बढ़ी गांव में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक विकास गुर्जर ने दो साल पहले आरती चौधरी से प्रेम विवाह किया था। आरती का भाई आकाश इस अंतरजातीय विवाह से नाराज था।

सोमवार की शाम को आकाश अपने माता-पिता से मारपीट कर रहा था। बीच-बचाव करने आई बहन आरती से भी उसने मारपीट की। इस पर आरती ने अपने पति विकास को फोन कर बुलाया। विकास ने आकाश को समझाने की कोशिश की। आकाश पहले से ही विकास की हत्या का इरादा रखता था। उसने अपनी पत्नी निधि, साली अंकिता और पड़ोसी विजय के साथ



मिलकर विकास पर ईंट से हमला कर दिया। उन्होंने कई बार विकास के चेहरे पर ईंट से वार किए। स्थानीय लोगों के पहुंचने पर उन्होंने विकास को बचाया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी आरती की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई ईंट भी बरामद कर ली है। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, आगे की कानूनी कार्रवाई खेकड़ा थाने में जारी है।

## मूसलाधार बारिश से हाईवे हुआ जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इस बारिश से किसानों की गन्ना और धान की फसलों को भी फायदा होगा।

हालांकि, बारिश ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया। सिसाना गांव के पास हाईवे पर करीब 2 फीट तक पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक फिसलकर गिर गए और कुछ वाहन खराब हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। मामूली बारिश में भी हाईवे पर जल भराव हो जाता है। इस समस्या का अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं



निकला है। इससे न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि क्षेत्र में गंदगी भी फैलती है। जलभराव में फसे वहानों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वाहन जलभराव में फंसे हुए दिख रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

## 700 साल पुराने ठाकुरद्वारा मंदिर में की पूजा-अर्चना, कानून व्यवस्था पर बोले योगिराज में अपराधियों की खैर नही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** प्रदेश सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को प्रभारी मंत्री जशवंत सैनी जनपद के बामनौली गांव पहुंचे। यहां उन्होंने गांव के ऐतिहासिक 700



वर्ष पुराने ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित किया और मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री के आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जन-भावनाओं से जुड़ा ऐसा ही अभिनव प्रयास है, जिसमें हर नागरिक से अपील की जा रही है कि वे अपनी मां की स्मृति में एक वृक्ष अवश्य लगाएं। कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी मंत्री जशवंत सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत कुमार एडवोकेट के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, योगिराज में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। गुंडे या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट नीति है। अपराध और भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं। हालांकि, जब उनसे प्रदेश के 26,000 प्राथमिक विद्यालयों में कथित कार्रवाई और बंदी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली और कोई सीधा उत्तर नहीं दिया। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर विषय पर मंत्री का जवाब टाल जाना कई सवालों को जन्म देता है। मंत्री के इस दौरे के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। स्थानीय लोगों ने गांव के विकास से जुड़े मुद्दों को भी मंत्री के सामने उठाया, जिनमें चकबंदी, सड़क, स्वास्थ्य और स्कूलों से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।

## ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक को पकड़ पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोठरा गांव में एक संदिग्ध युवक एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। जाग होने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को बुला उन्हें सौप दिया।

गोठरा गांव में एक युवक रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में गांव मे घुम रहा था तभी उसने बिल्लू पुत्र धरमू के घर में घुसने का प्रयास किया तो जाग होने पर वह वहा से भागने लगा और धान के खेत मे जा पहुंचा जहा धसने से ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया जिसके पास एक स्प्रे भी था। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पहुंचे पुलिस कर्मीयों ने युवक से पूछताछ की तो वह सन्तुष्ट जवाब नही दे पाया जिससे पुलिस कर्मी उसे अपने साथ ले गये।

## तीन सौ साल पुराने महादिव्य ज्योतिलिंगेश्वर मंदिर का हो रहा जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ऐतिहा. सिक बिजरौल गांव स्थित प्राचीन महादिव्य ज्योतिलिंगेश्वर देवी मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर चल रहे कार्यों में अब तेजी आई है। मंदिर परिसर में शिव मंदिर ट्रस्ट बिजरौल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट अध्यक्ष व दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त अधिकारी रविन्द्रपाल सिंह तोमर ने अब तक के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में बताया गया कि मंदिर का लगभग 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। तीन सौ वर्ष पुराना यह मंदिर बिजरौल गांव की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरो. हर है, जिसका जीर्णोद्धार कार्य ट्रस्ट के अध्यक्ष रविन्द्रपाल सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है। खास बात यह है कि गांव के यूपी पुलिस



और दिल्ली पुलिस में कार्यरत जवानों के सहयोग से यह कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक मंदिर परिसर में पंचमुखी भवन का निर्माण लगभग पूर्ण है, जिसमें पांच देवी-देवताओं के मंदिर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ शिव मंदिर के जीर्णोद्धार, मंदिर में फर्श बिछाने, आगंतुकों के लिए गेस्ट रूम, नया मंदिर द्वार और माई मंदिर के निर्माण का कार्य भी जारी है। बैठक में रविन्द्रपाल सिंह ने जानकारी दी कि उन्होंने बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री केपी मलिक से मंदिर निर्माण कार्य में सहभागिता हेतु पत्र के माध्यम से आग्रह किया है। विधायक मलिक ने भरोसा दिलाया है कि मंदिर के पुर्ननिर्माण और सौंदर्यीकरण को लेकर ट्रस्ट की मांग को सरकारी स्तर पर भेज दिया गया है और नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बैठक में मंदिर के पुजारी बाबा आनंद दास, पंडित मुकुट भूषण, देवराज सिंह, विजयपाल सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, राजू अलबेल, बिजेंद्र सिंह, सुशील शर्मा आदि मौजूद रह

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सरफराज व पुत्रवूध सोनम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मेहराब पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मौहल्ला घोसियान बागपत, थाना बागपत जनपद बागपत।

# भाकियू ने कमिश्नरी पर हुक्का गुड़गुड़ाया

## विभिन्न समस्याओं की मांग को लेकर पहुंचे थे किसान, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों सदस्य बुधवार को कमिश्नरी पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कमिश्नरी पार्क में एक बैठक की और मुख्यमंत्री के नाम डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि, सरकार की अनदेखी के चलते देश का अन्नदाता किसान लगातार उत्पीड़न का शिकार हो रहा है।



जबकि, सब कुछ जानते हुए भी सरकारी तंत्र आंखें मूंदे बैठा है। बैठक के दौरान किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि, एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। दिल्ली आंदोलन के समय किए गए वायदे पूर्ण किया जाए। बिजली का निजीकरण न किया जाए। प्रत्येक जनपद में प्रत्येक फसल खरीद योजना बनाई जाएं। कृषि को बढ़वा देने वाली योजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। स्मार्ट मीटर ग्रामीण क्षेत्रों में न लगाएं जाए। ट्यूबवेल मीटर की व्यवस्था समाप्त की जाए। गन्ना बकाया भुगतान तत्काल कराया जाए। गन्ना मूल्य 450 घोषित सत्र शुरू होने से पहले कराया जाए। पोस्टमार्टम व्यवस्था अनुमति सूक्ष्म एवं आसान की जाए। नए कांवड़ सेवा शिविर की अनुमति प्रदान की जाए। निगम अनुसार एक हजार से ज्यादा आबादी वाले ग्रामों को अलग करके नई ग्राम पंचायत का सृजन किया जाएं। गन्ना विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई, शिक्षा, नगर निगम, एन एच आई, तहसील प्रशासन, स्वास्थ संबंधी लगभग 150 समस्या को मंडलायुक्त कोर्ट में पेंडिंग केसों विवादों का शीघ्र निपटान हो। मंडल आयुक्त कार्यालय में किसानों, संगठन एवं मंडलायुक्त एवं अन्य प्रशासन की तीसरे माह में एक बैठक आयोजित कराई जाएं। तहसील दिवस की भांति मंडलायुक्त किसान दिवस में होकर किसानों की समस्याओं का निपटान कराए।

# बारिश से मिली राहत, कुछ देर बाद उमस ने लोगों को किया हाल से बेहाल

■ तीन दिन ऐसे ही रहेगा मौसम लेकिन उमस से नहीं मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार शाम हुई बारिश के बाद बुधवार को भी बारिश होने का सिलसिला लगातार जारी रहा। सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई बारिश लगभग डेढ़ घंटे तक हुई। जिसके चलते एक बार फिर मौसम सुहाना हो गया। वहीं, बारिश होने से शहरवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलती दिखाई दी। जबकि, बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। लेकिन, मात्र डेढ़ घंटे की बारिश से शहर के अधिकांश इलाकों में जलभराव हो गया। सदर बाजार, घंटाघर, बच्चा पार्क, भूमिया का पुल, श्याम नगर, पिलोखड़ी रोड़, शास्त्री नगर, जेल चुंगी, रजबन, लालकुर्ती आदि इलाकों में वाहन तैरते हुए नजर आए। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले दो-तीन दिनों तक हल्की बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

मेरठ में मंगलवार शाम हल्की बारिश हुई। लेकिन उमस में कोई राहत नहीं मिली। तापमान 36 डिग्री पार और एयर क्वालिटी एंडेकशन 112 तक पहुंचा। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले कुछ दिन ऐसी ही स्थिति बने रहने की आशंका जताई है। मेरठ में मंगलवार को मौसम ने करवट तो ली, लेकिन राहत नहीं मिली। दिनभर की तेज गर्मी के बाद शाम करीब छह बजे हल्की बारिश जरूर हुई, लेकिन इसके बाद उमस ने लोगों को और अधिक परेशान कर दिया। दोपहर तक बादल छाए रहे और तापमान लगातार बढ़ता रहा। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वेधशाला के अनुसार, अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं बारिश मात्र 0.3 मिमी हुई, जो न तो ठंडक ला सकी और न ही उमस से राहत। लेकिन बुधवार सुबह के समय हुई बारिश से मौसम कुछ हद तक नॉर्मल हो गया। जबकि, तापमान कम होने से उमस भरी गर्मी से भी लोगों ने राहत महसूस की। वहीं, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एम. शमीम के अनुसार, अभी अगले दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। लेकिन, उमस इसी तरह सताएगी।

# दौराला पुलिस और स्वाट टीम ने दबोचा 25 हजार का इनामी, मुठभेड़ में दो घायल

■ ऑन डिमांड हथियार सप्लाई करते थे बदमाश
■ भावनपुर क्षेत्र में की थी छह हजार की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार अलसुबह दौराला पुलिस और स्वाट टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का इनामी अंकाश और उसका साथी सुहैल पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए प्यारेलाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार दोनों ही बदमाश आन डिमांड हथियार सप्लाई करते थे। बदमाशों के पास से पुलिस ने दो देसी तमंचे, कारतूस, बीस हजार रुपए और बिना नंबर प्लेट की बाइक को बरामद किया है। वहीं, पुलिस दोनों बदमाशों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

दरअसल, दौराला पुलिस और स्वाट टीम कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत काली नदी पुल के पास, लावड़ रोड पर चैंकिंग कर रही थी। इस दौरान करीब तीन बजे एक संदिग्ध मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। रोकने पर बाइक सवार दो व्यक्ति भागने लगे। पीछा करने पर मोटर साइकिल फिसल गई। उनमें से एक अभियुक्त ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। जिससे एक अभियुक्त अंकाश पाल उर्फ बाबू बक्सर और उसका साथी सुहैल पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिनके पास से पुलिस ने एक 32 बोर की देशी पिस्टल, एक खोखा कारतूस, बीस हजार रुपए और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। बताया जा रहा है कि, अंकाश यह पिस्टल अपने साथी सुहैल उर्फ मुंशी के साथ मिलकर ग्राम स्याल थाना भावनपुर के रहने वाले दक्षपुरी को देने जा रहा था। पुलिस के अनुसार अंकाश द्वारा थाना भावनपुर क्षेत्र में 6 हजार रूपये लूट की घटना कारित की थी, जिसमें सम्बन्ध में थाना भावनपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तभी से पुलिस इन बदमाशों की तलाश कर रही थी। पकड़े गए बदमाश ग्राम बक्सर थाना भावनपुर अंकाश पाल उर्फ बाबू बक्सर पुत्र राजपाल सिंह, जबकि, ग्राम दुल्हेड़ा का सुहैल उर्फ मुंशी है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ट्रेड यूनियन ने संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निजीकरण के विरोध में बुधवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की दर्जनों कार्यकत्रियों ने कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए उनकी सभी समस्याओं के समाधान की मांग की।

प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि, संयुक्त ट्रेड यूनियन परिषद, मेरठ जो कि मेरठ स्थित केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, बैंक, बीमा कर्मचारी, ट्रेड यूनियन,

■ प्रदर्शन कर भाजपा को बताया पूंजीपतियों की सरकार

निगमों, किसानों, खेत मजदूर समेत आम जनता के सभी हिस्सों का एक संयुक्त मंच के तत्वावधान में मजदूरों. किसानों, छात्रों, नौजवानों समेत देश की आम जनता से सम्बन्धित समस्याओं, विषयों पर केन्द्र, राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिये देश के 10 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों तथा स्वतन्त्र फेडरेशनों जिसमें बैंक एवं बीमा भी शामिल हैं के आह्वान पर बुधवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल की गई। उन्होंने बताया कि, भाजपा के नेतृत्व में केन्द्र की सत्तारूढ़ एनडीए सरकार जो कि लगभग 11 वर्ष से देश में शासन कर रही है। जिन्होंने सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के नारे के साथ का वादा किया गया था। परन्तु उसका विकास चंद चुने हुए कॉरपोरेट्स, पूंजीपतियों तक ही सीमित है। इन्हीं नीतियों का परिणाम है कि, आधी आबादी यानि 65 करोड़ लोलों की सम्पत्ति के बराबर सम्पदा जमा हो। रिपोर्ट के अनुसार देश के धन कुबेरों की सम्पदा में जहां 12 प्रतिशत से वृद्धि हुई है। वहीं, इसी प्रतिशत की दर से घटी है। परिणाम स्वरूप देश की बहुसंख्यक जनता आज भी अभाव में जीवनयापन कर रही है। संजय सोम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने देश के युवाओं को हर वर्ष दो करोड़ रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया था। जबकि, हकीकत यह है कि सरकार प्रतिवर्ष दो लाख रोजगार भी उपलब्ध नहीं करवा पायी है। इस दौरान संजय सोम के अलावा अनीता त्यागी, कुसुम आदि मौजूद रहे।

# भारतीय सेना का कारवां टॉकीज अभियान चलाकर अलग-अलग जिलों में देंगे जानकारी

■ सेना में भर्ती पारदर्शी एजेंट दलालों से रहे सावधान
■ सेना में जाने वाले युवाओं के घर तक सीधे भर्ती की जानकारी, अभियान रहेगा जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** भारतीय सेना कारवां टॉकीज अभियान इस अभियान में शामिल विशेष रूप से डिजाइन किया गया वाहन एक चलते-फिरते सूचना केंद्र के रूप में तैयार किया गया है।

भारतीय सेना कारवां टॉकीज अभियान राज्य के दूरदराज के जिलों के युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करने की एक अनूठी पहल के रूप में, कारवां है टॉकीज अभियान के पहले दिन यानी 9 जुलाई को गौतमबुद्ध नगर में भारी भीड़ देखी गई। यह कारवां गौतमबुद्ध नगर जिले के रबूपुरा स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्कूल पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय युवा इस पहल में शामिल हुए। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ द्वारा युवाओं को गहन जानकारी प्रदान करने के लिए ब्रोशर और सूचनात्मक सामग्री वितरित की गई। उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में समर्पित सहायता प्रदान की गई और उन्हें धोखेबाज एजेंटों या दलालों से सतर्क रहने की सख्त सलाह दी गई। टीम ने दोहराया कि भारतीय सेना की चयन प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता आधारित, पारदर्शी और नि:शुल्क है। युवाओं की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक रही। अभियान के इस अंतिम चरण में केवल युवा प्रतिभाओं से जुड़ने के भारतीय सेना के मिशन को मजबूत किया, बल्कि उपस्थित लोगों के मन में सेवा, सम्मान और देशभक्ति के सपनों को जगाने वाली एक अमिट छाप भी छोड़ी। टॉकिज अभियान हरिद्वार, गौतमबुद्ध नगर अन्य अलग अलग जिलों में जाकर सेना में भर्ती की जानकारी देगा। अग्निवीर भर्ती की सबसे कम रजिस्ट्रेशन गौतमबुद्ध नगर से हुए। टॉकिज अभियान के जरिए मूवीज दिखाई जाएगी। युवकों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाना क्षेत्र की कालोनी में पति ने मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। बुधवार को थाना क्षेत्र कंकरखेड़ा नगलाताशी की रहने वाली एक महिला ने पति के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 18 साल पूर्व नंगलाताशी निवासी नईम के साथ हुई थी। शादी के बाद चार बच्चे हुए दो बेटे दो बेटी। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी हैं। कुछ माह पहले एक बेटी की छत से गिरने से मौत हो चुकी हैं। पति आए दिन मारपीट करता है। घर में आए दिन क्लेश रहता है। पीड़िता ने पति के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने करने की मांग की है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छह बच्चों ने पास की सीयूईटी की परीक्षा

■ शिक्षकों ने छात्रों व अभिभावको को दी बधाई



चैल्सी तालियान | अंजली गुप्ता | अंकुर सागर | वंशिका नैन | अभिषेक | अर्चित कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल के छह विद्यार्थियों ने सीयूईटी 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों में चैल्सी तालियान ने औसत प्रतिशतता 99.8, अंजली गुप्ता ने औसत प्रतिशतता 97.68, अंकुर सागर ने औसत प्रतिशतता 97.65, वंशिका नैन ने औसत प्रतिशतता 97.01, अभिषेक ने औसत प्रतिशतता 94.61, अर्चित कुमार ने औसत प्रतिशतता 93.72 प्राप्त कर अपने उत्कर्ष प्रदर्शन से सिद्ध कर दिया की मेहनत लगन और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा एवं समस्त शिक्षकों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रशासन टीम ने की कब्रिस्तान की पैमाइश

## पैमाइश में कब्रिस्तान का रकबा एक बीघा अधिक हुआ तो हागी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ-गढ़ रोड पर आरके कालेज के सामने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे के आरोपों के तहत चल रहा विवाद बुधवार को सुलझ गया। राजस्व टीम ने पैमाइश कर कब्रिस्तान का रकबा एक बीघा अधिक बताया। साथ ही प्रदर्शन कारियों को कब्रिस्तान के निर्धारित रकबे पर चारदीवारी की नसीहत की।




गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से किठौर में आरके कालेज के सामने स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे के विरोध में कस्बे के ही लोग धरने पर बैठे थे। आरोप था कि निजि भूस्वामी कब्रिस्तान की भूमि को अपनी भूमि में मिलाकर प्लाटिंग कर रहा है। निरंतर चले धरने के मद्देनजर बुधवार को राजस्व निरीक्षक सुरेश शर्मा लेखपाल सौरभ अग्रवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और खसरा 804 में कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश की। जिसमें कब्रिस्तान की भूमि निर्धारित रकबा 2530 मीटर के बजाए 3161 मीटर पाई गई। पैमाइश के बाद राजस्व टीम ने प्रदर्शन कारियों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता आसिफ को बताया कि कब्रिस्तान की भूमि लगभग एक बीघा ज्यादा है। लिहाजा कब्रिस्तान के निर्धारित रकबे 2530 मीटर की ही चारदीवारी की जाए। राजस्व निरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि यदि कब्रिस्तान के निर्धारित रकबे से अधिक की चारदीवारी कराई गई तो ध्वस्ती करण कर भूमि कब्जामुक्त कराई जाएगी।

# अनुशासन और विनम्रता के लिए जाने जाते हैं असलम सिद्दीकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ज्यादातर अधिकारी अपनी हनक के लिए ही चर्चित रहते हैं लेकिन कुछ लोग अपनी विनम्रता के लिए भी पहचाने जाते हैं। यही नहीं विनम्रता के साथ यदि अनुशासन का भी पालन किया जाए तो प्रतिभा और ज्यादा निखर जाती है। हम चर्चा कर रहे है एससी/ एसटी कोर्ट के विशेष न्यायधीश मोहम्मद असलम सिद्दीकी की। विगत 27 मई को असलम सिद्दीकी मेरठ में एससी एसटी कोर्ट के विशेष न्यायधीश बनकर आए हैं और लगभग 40 दिन में ही उन्होंने चार जजमेंट किये हैं। उनकी कार्यशैली एक तरफ विनोद प्रियता भरी रहती है तो दूसरी तरफ उनका अनुशासन भी तारीफ के काबिल होता है। सुबह साढ़े नो बजे न्यायालय में सबसे पहले पहुंच जाते हैं। उस समय तक उनका एक अर्दली केवल वसीम ही उपस्थित रहता है और शाम को दैनिक कारगुजारी पूरी होने के बाद ही न्यायालय से घर जाते हैं। समय कई बार सात तक भी खीचते हुए देखा गया है। एससी/एसटी कोर्ट में पूरे जनपद के दलित उत्पीड़न से जुड़े मुकदमों का ट्रायल होता है। लगभग 100 से ज्यादा फाइलें प्रतिदिन सुनवाई के लिए रहती हैं। यदि कोई अधिवक्ता इसके बाद भी शॉर्ट डेट की बात करते हैं तो मुस्काराते हुए कहते है कि वकील साहब यह मेरे लिए समस्या नहीं है आप जो चाहे तारीख ले लों। उन्हे देखकर एंटीकरप्शन के न्यायधीश रहे मौ. इरफान कमर की कार्यशैली सामने आ जाती है वह 4 बजे भी बेल पर बहस सुन लेते थे। आशा है कि श्री सिद्दीकी कुछ अच्छे परिणाम देंगे।

# सिवाल खास में हुआ वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत हर मेरठ और जिले में वृक्षारोपण किया जा रहा है क्यों कि ऑक्सीजन की आवश्यकता सिर्फ पेड़ से ही मिलती है जिस दिन यह पेड़ खत्म हो जाएंगे उस दिन यह दुनिया भी नहीं रहेगी इसका खमियाजा आप सभी लोग लॉक डाऊन में देख चुके हैं इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए अपने घर व आंगन में एक पेड़ जरूर लगाएं मेरी हरियाली मेरा आंगन के अंतर्गत कस्बा सिवाल खास में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कस्बा सिवाल खास की कई मुख्य मार्ग पर पेड़ लगाए जिसमें सिवाल खास चौकी पर भी वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सिवाल खास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर अंकुश पाठक ने भी वृक्षारोपण किया। कहा कि सबको एक पेड़ लगाना होगा।

# डीआईजी कलानिधि नैथानी ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण जन अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम के क्रम में बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी एवं रेंज कार्यालय के समस्त कर्मियों द्वारा कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर 30 पौधे लगाए गए तथा आम जनमानस से भी पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गयी। इस दौरान डीआईजी कलानिधि नैथानी ने फावला चला कर पौधे रोपित किए ओर सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

# जीटीबी में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक पेड़ मां के नाम एवं प्रदूषण मुक्त भारत बनाए स्लोगन के अन्तर्गत गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें भिन्न प्रकार के पौधों में नीम, चिनार, पीपल, आंवला के पौधें को रोपा गया। वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम समर्पित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए यह एक अनूठी पहल हैं तथा इस अभियान को प्रभावशाली बनाने के लिए पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ, हर खेत में मेड़, हर मेड़ पर पेड़ आदि स्लोगन के माध्यम से लोगों को संदेश पहुंचाया, क्योंकि पौधें हमें जीवनदान देते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने वसुंधरा को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की सलाह देते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को जागरूक व सचेत रहने का संदेश दिया।

# आज सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा सूर्य उदय बूथ कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परियोजना प्रभारी यूपीनेडा प्रमोद भूषण शर्मा ने बताया कि निदेशक यूपीनेडा के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत वैश्विक ऊर्जा स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को पंजीकृत वेंडर्स के माध्यम से जनपद के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सूर्य उदय बूथ कैम्प लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में कार्यरत समस्त वेण्डर्स द्वारा निर्धारित प्रमुख सार्वजनिक स्थल यथा विकास भवन, कलैक्ट्रेट, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, सत्र न्यायालय, विद्युत विभाग के बिलिंग काउंटर, प्रमुख बैंक कार्यालय, रोडवेज बस स्टेशन आदि पर सूर्य उदय बूथ कैम्प का आयोजन प्रात: 10 बजे से सायं पांच बजे तक होगा।

# वेंक्टेश्वरा विवि के परिसर में लगाए गए 10 हजार पौधे

## एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत दिलाई गई पौधों के संरक्षण की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान, वीजीआई मेरठ एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण समारोह एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का शानदार आयोजन किया गया।




जिसमें वक्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ पॉलीथीन मुक्त भारत बनाने में सभी से अपना प्रभावी योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि हम सब मिलकर शपथ लेते है कि सभी सामा. जिक आयोजन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह, नामकरण संस्कार आदि शुभावसरों पर एक दूसरे को उपहार के रूप में पौधे भेंटकर प्रधानमंत्री क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया के सपने को साकार करने में अपना प्रभावी योगदान देकर राष्ट्र विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ पर्यावरण बचाओ विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं तेजी से जलवायु परिवर्तन का एकमात्र कारण यह है कि आज पढ़े-लिखे समृद्ध लोग भी प्रकृति से दूर होते जा रहे है। हम सभी को मिलकर प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करना होगा तभी विनाश के बिना विकास संभव है। इसके साथ ही हमें प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से बिल्कुल खत्म करना होगा, तभी यह धारा सुरक्षित रहेगी। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन सरकार के राज्यमंत्री पिछड़ा आयोग सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ वेंक्टेश्वरा अपने सामाजिक सरोकारों के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है। आज इसी पहल के साथ मेरठ एवं मुरादाबाद प्रभाग में वेंक्टेश्वरा एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अब तक लगभग दस हजार पौधों को रोपित किया जा रहा है, जोकि संस्थान की बहुत ही सराहनीय पहल है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, भाजपा नेता हिमांशु त्यागी, डॉ. आशुतोष, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. सुमन, डॉ. आरती भारद्वाज, डॉ. विवेक सचान, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, एस.एस. बघेल, अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे भारत-इंग्लैंड

- इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी पिच की मांग की
- तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। द

ूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43-4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में पांच में से तीन टेस्ट खेलने की सलाह दी गई थी। इसी वजह से उन्होंने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया। इस फैसले की काफी आलोचना हुई, क्योंकि कई लोगों को डर था कि भारत 0-2 से पीछे हो सकता है। एक अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ इंग्लैंड को फायदा मिलने के काफी आसार थे। लेकिन वो आशंका गलत साबित हुई। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉर्ड्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। लेकिन गेंद हाथ में आते ही बुमराह की गंभीरता और तीव्रता में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने बिना कोई ब्रेक लिए लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी की। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि कई प्रमुख भारतीय बल्लेबाज वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम पर थे। गैरहाजिर खिलाड़ियों में शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल थे। लेकिन बुमराह ने करुण नायर, बी- साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और ध्रुव जुरेल की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा ली। बल्लेबाजी में फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। यशस्वी जायसवाल, राहुल और कप्तान शुभमन गिल की तिकड़ी एक बार फिर रनों का अम्बार लगाने के लिए तैयार है। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं। गिल ने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाकर मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बार मौसम का पूर्वानुमान ठीक-ठाक है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



## अल्काराज-अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

- अल्काराज ने 1:39 मिनट चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नोरी को हराया

**लंदन, वार्ता।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं। लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनिसिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर 1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

## रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे गिल

- दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान उपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है शुभमन गिल



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं।

जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेलटग अंक हैं। इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में बुलाया

- भारत से मिली हार के बाद इंग्लैंड ने टीम में बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह आर्चर को बुलाया

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में वापस बुलाया है। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण करीब साढ़े चार साल से सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेल रहे जोफ्रा आर्चर को कल लॉर्ड्स में होने वाले मैच के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते भारत से मिली 336 रनों से करारी हार के बाद टीम में एक बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। टंग इस सीरीज में 11 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पिछले महीने उन्होंने ससेक्स के लिए 18 ओवर गेंदबाजी करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें भारत के खिलाफ उसी मैदान पर होने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जहां उन्होंने छह साल पहले अपना टेस्ट पर्दापण किया था।

इंग्लैंड की टीम: जैक ,डकेट,ब्रूक ओली,रूट,स्टोक्स (कप्तान), जेमी (विकेटकीपर), ब्राइडन कार्स, क्रिस, जोफ्रा और शोएब बशीर।

## उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को हराया, महाराष्ट्र पंजाब मैच रहा ड्रा

**रांची, वार्ता।** पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सातवें दिन बुधवार को जहां उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की, वहीं महाराष्ट्र बनाम पंजाब का मैच ड्रॉ रहा। यहां खेले गए दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने समूह 'ए' में पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। महाराष्ट्र के लिए अन्वी रावत ने (35वें मिनट) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही पंजाब की सलोनी ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में विफल रही और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने समूह 'ए' में चंडीगढ़ को 4-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रैना ने 34वें, 48वें, 59वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगाकर शीर्ष गोल का खिताब अपने नाम किया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### चोटिल हसरंगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी, वार्ता।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

#### चोटिल फिन एलन जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय से बाहर हो गए है। एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लगी। उन्हें आगे की जाँच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

चोट के कारण 26 वर्षीय एलन 14 जुलाई से शुरू होने वाली मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड एलन की जगह किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का पहला मैच 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है।

## सीरीज जीतने का प्रयास करेगी हरमनप्रीत एंड कंपनी



- मेनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है लेकिन टी-20 में बल्लेबाजी के लिए अच्छी है

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच मैनचेस्टर में 9 जुलाई को होने वाला मुकाबला इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। 2012 के बाद पहली बार ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर कोई महिला टी-20 खेला जाएगा, और भारत पहली बार इस मैदान पर कदम रखेगा। सीरीज के पहले तीन मैचों में रोमांच बना रहा है, लेकिन चौथे मुकाबले में पिच, मौसम और दबाव - तीनों का मिजाज अलग होगा। अगर भारत यह मैच जीतता है तो सीरीज उनके नाम हो जायेगी, वहीं अगर इंग्लैंड जीतता है तो सीरीज बराबर पर आ जाएगी।

मैनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है, लेकिन टी-20 में यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी भी रही है। ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभाएगा। यदि बादल छाए रहे, तो पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जा सकता है। अक्सर इंग्लैंड की टीम घरेलू परिस्थितियों में मजबूत रही है, लेकिन भारत ने पिछले मुकाबलों में दिखाया है कि वो तेज गेंदबाजों के सामने टिक सकती है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अगर रंग में आ जाए तो इंग्लैंड की गेंदबाजी की परीक्षा होनी तय है। दूसरी ओर, इंग्लैंड पिछले मैच में सलामी जोड़ी द्वारा 137 रनों की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी। ऐसे में नियमित कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान टैमी बोमॉन्ट और एमी जोंस पर इंग्लैंड के मध्य क्रम की जिम्मेदारी होगी। भारत इस सीरीज में काफ़ी अच्छी लय में रहा है। इसी कारण से उनकी टीम में शायद ही कोई बदलाव हो। साथ ही इंग्लैंड ने भी अपना पिछला मुकाबला जीता था, वह भी अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगा।

## रैना आईएससीएल के ब्रांड एंबेसडर बने



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट स्टार सुरेश रैना को इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है। रैना ने कहा कि मैं जमीनी स्तर के क्रिकेट की अपार संभावनाओं में विश्वास करता हूँ। यहीं से सपनों की शुरुआत होती है और मैं इस लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूँ जो देश भर की प्रतिभाओं को सामने लाती है। संस्थापक और अध्यक्ष डॉ- गंगाधर राजू के नेतृत्व में इस अभूतपूर्व पहल के माध्यम से रैना का लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सामने लाना है। आईएससीएल के पहले सीजन में 32 टीमें विभिन्न भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिए डिजाइन किए गए फेंचाइजी-आधारित मॉडल में होंगी। 29 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, लीग का लक्ष्य एक मजबूत प्रतिस्पर्धा संरचना स्थापित करना है जो महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी को आकर्षित करे। इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग 1 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2025 के बीच मुख्य रूप से बेंगलुरु के आचार्य स्टेडियम में होगा।

## भारत 'ए' ने हॉकी में आयरलैंड को हराया

- भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शानदार शुरुआत करते हुए आयरलैंड को 6-1 से हराया



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। ओरांजे-रूड हॉकी क्लब में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तम सिंह ने गोलकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। अमनदीप लाकड़ा ने गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोर में योगदान दिया। भारत की मजबूत रक्षापंक्ति के आगे आयरलैंड एकमात्र सांत्वना गोल कर सका। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच मे आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसके बाद, वे अगले दो हफ्तों में भारत फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेंगा।

### आरटीए के करन सिंह बने भारत के नंबर-2 रैंक वाले खिलाड़ी

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के करन सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए नवीनतम एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 426 का स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह भारत के दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी बन गए हैं, भारत के नंबर 1 सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 307) के ठीक पीछे।

## ज्योति सुरेखा वेन्नम-ऋषभ यादव ने कंपाउंड मिक्सड टीम में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड



**स्पेन, वार्ता।** एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 4 में कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए रिकार्ड को तोड़ दिया। वाल्हेर्मोसो स्टेडियम में हुए मुकाबले में ज्योति और ऋषभ ने व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यादव ने 85 तीरंदाजों के बीच शुरू हुई स्पर्धा में अंत तक नेतृत्व करते हुए 716 अंक बनाए, वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 715 अंक हासिल किए। ज्योति और ऋषभ ने मिलकर कुल 1431 अंकों का स्कोर बनाया, जो कि डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए गए पिछले मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1429 अंक) से बेहतर रहा। हालांकि, व्यक्तिगत कम्पाउंड विश्व रिकॉर्ड 718 अंकों पर बरकरार है। यादव ने विश्व आर्चरी के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यह बेहद खास है क्योंकि कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा को हाल ही में ओलंपिक गेम्स में शामिल किया गया है और हम समय के साथ ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यादव और ज्योति ने सेंट्रल फ्लोरिडा में सीजन के पहले टूर्नामेंट में मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी शीर्ष सीड़िग हासिल की। प्रियांश (710), अमन सैनी (709) और ऋषभ यादव के 716 अंकों ने भारत को पुरुष टीम स्टैंड़िग में 2135 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। वे तुर्की (2127) और दक्षिण कोरिया (2124) से आगे रहे। ज्योति (715), परनीत कौर (702) और पर्दापण कर रहीं 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप (699) ने भारत को महिला टीम में 2116 अंकों के साथ शीर्ष सीड़िग दिलाई। वे मेक्सिको (2108) और दक्षिण कोरिया (2095) से आगे

# ब्रिक्स देशों को धमकी

अमेरिका फर्स्ट की नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरी तरह से एक तरह का भूत सवार है। वह किसी भी मंच से अमेरिका की जरा सी भी आलोचना को सहन करने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब तो उन्होंने ब्रिक्स देशों को ही सीधे निशाने पर ले लिया है और उनको एक अगस्त से दस प्रतिशत एक्सट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दे डाली। गत रविवार को हुई ब्राजील में ब्रिक्स देशों की बैठक में ट्रम्प की व्यापार नीति को लेकर आलोचना की गई थी। चीन ने तो खुलकर यह कहकर विरोध किया था कि व्यापार समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें किसी भी देश की एकतरफा मनमानी नहीं होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की गई थी कि वह उसके दबाव में काम करता है। जाहिर है, डोनाल्ड ट्रम्प यह आलोचना नहीं सुनने वाले और उन्होंने अब सीधे तौर से ब्रिक्स पर ही हमला बोल दिया और कहा कि ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ही बनाया गया था। ट्रम्प ने धमकी दे डाली कि जो ब्रिक्स के सदस्य देश हैं, उनको दस फीसदी टैरिफ देना होगा।

इससे अमेरिका डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। वह यह कहने से भी नहीं चूके कि डॉलर राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। उन्होंने सदस्य देशों को चेताते हुए कहा कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वह दंभई अंदाज में यह भी बोल गए कि उन्हें नहीं लगता कि उनमें से कोई वह कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत भी इस ब्रिक्स का सदस्य होने के चलते ट्रम्प की इस धमकी के दायरे में आ गया। ट्रम्प ने साफ कहा कि भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा। किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार की बात को भी स्वीकारा और आशा जताई कि इस महीने ही या उनकी भारत यात्रा के दौरान एक व्यापारी समझौता हो सकता है और 2030 तक दोनों देश आपसी ट्रेड को 500 डॉलर तक पहुंचा देना चाहते हैं। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा कि अब तक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का टैरिफ जमा हो चुका है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला बोला और कहा कि पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता तो अमेरिकी लोगों का स्टैंडर्ड गिर जाता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे और इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। हालांकि उन्होंने हमेशा की तरह यह जरूर कहा कि अगर कोई देश उनसे अलग से बात करना चाहता है, तो उसके साथ अलग से डील हो सकती है। जाहिर है ट्रम्प के इस कदम से दुनियाभर का व्यापार प्रभावित होगा। जैसाकि कहा जाता है कि ट्रम्प खुद एक बड़े व्यापारी हैं इसलिए व्यापार पर जोर दे रहे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन जिस तरह का ट्रम्प आचरण कर रहे हैं और दूसरे देशों पर एक तरह से अपने फैसले थोंप रहे हैं, यह विश्व बिरादरी के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं।

## ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका



जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं, भाजपा पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की, कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गया।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है, यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के बे सिर पैर के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणी कार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदुवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई। इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिए हैं। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र। ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे यह बात कोई और कहे, यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है? ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है। उन्होंने कहा, राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां था-समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों? प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा नेपाल के थे।

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है। इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्जा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं।

यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाक. ाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

1816 में अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की गई थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हिस्सा माना गया। काली नदी के उद्गम स्थल को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत नदी के पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है जबकि नेपाल पश्चिमी धारा को काली नदी का उद्गम स्थल मानता है। इसी आधार पर दोनों देश काला पानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ए तीनों इलाके 370 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता भारतीय है। काला पानी भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच ट्राई-जंक्शन पर है। यह क्षेत्र सामरिक तौर पर इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से भारत का चीनी सेना पर नजर रखना आसान है।भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। अभी भी यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तैनात है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था। 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी। अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी है



श्री श्री परमहंस योगानंद

**जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं।**

**नेहा प्रकाश**

गुरु वह अनन्त द्वार हैं जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवत: ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी युक्तेश्वरजी ने कहा था, इच्छा की स्वतंत्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुत: अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं संकट में, दु:ख में और यहां तक कि आनन्द में भी।

स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं, जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं। गुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'गु' का अर्थ है अन्धकार और 'रु' का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना।

गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते, तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।

जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है।

परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया। क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहां तक कि रोक भी सकता है। आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी युक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएं उपलब्ध हैं।

ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है। गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, हवह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है।

# पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला गोदी मीडिया



**निर्मल रानी**

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टीवी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टीवी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हभाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्र्म पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाक. ामियों पर सवाल पूछता है परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है





बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाए विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकद्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चौनल्स व पत्रकारों को कई बार डांट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवम्बर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बांट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी एजेंडा पत्रकार ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतर्राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गए और निकालो इसको साले को...। मालूम है मैं कौन हूं? इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफआईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रूपए का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ममछमू और CNN news 18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था, जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिए 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिए मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था।

रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था। यहां तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साजिश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आए थे और उन्होंने अपने चौनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिए मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जाएगा कि पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला है गोदी मीडिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

## दैनिक शाह टाइम्स के सभी विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**मुनेश कुमार**
शंकर ईंट उद्योग
पता: चन्दैना कोली
तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं




**सचिन पुनिया**
थाना प्रभारी फतेहपुर
जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**मौ. अतहर**
भावी चेयरमैन प्रत्याशी
नगर पंचायत छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**डा. फैसल खान**
लाईफ केयर हॉस्पिटल
गंदेवडा छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**नीरज पुंडीर**
वरिष्ठ समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख
प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**अंकित वर्मा**
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भारतीय जनता पार्टी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**इमरान अली**
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत गंदेवडा ब्लाक पुंवारका, सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**सुलतान अहमद**
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन तोमर
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम भटपुरा



**फरमान अली**
पूर्व प्रधन भटपुरा
भावी जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नंबर 3

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**चांदनी राठौर**
वरिष्ठ समाजसेवी
व भाजपा नेत्री



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सुधीर प्रकार सैनी**
ग्राम प्रधान
बादशाहपुर
बिहारीगढ



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**हरेन्द्र कश्यप**
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत
इस्माईलपुर, बिहारीगढ



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सईद अहमद त्यागी**
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
तल्हेडी बुजुर्ग



BRAIN DISCOVERY
GLOBAL SCHOOL
Pathway to wisdom

**ADMISSION OPEN**
Pre- Nursery to Class 9
Day Boarding School
Run by Ex-DPS PRINCIPALS AND PROFESSORS



PROF. MOHAMMAD KAMIL
Prof. M. Kamil, an aluminous of Birla Institute of Technology and Science (BITS) – Pilani, is a humble teacher, an educationist, an administrator, and has expertise in Software Systems. With a career span of over 36 years, he served Jamia Millia Islamia in the Faculty of Engineering and Technology. Recently he completed his five-year assignment as Director, Centre for Information Technology, Maulana Azad National Urdu University (MANUU) Hyderabad.

He has a firm belief that learning windows are always open where the child, and adult learns to make wholesome happiness.

Free Meals, Tuition, Foundation Classes
Home work completed at school only

Enroll Now 9911002019, 9911002046
NH-344 Dehradun National Highway, Near Health Centre, Haroda, Saharanpur - 247769 U.P.
Website - www.braindiscoverysaharanpur.in operated by GGF

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**विनोद कुमार**
थाना प्रभारी
गागलहेडी



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**धनराज सिंह**
यूनिट हैड
दया शुगर मिल
गागलहेड़ी



दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्थान **राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी** में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के प्रवेश प्रारम्भ

शिक्षण संस्थान में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर क्लास व उचित क्रीडा स्थल आदि की विशेष सुविधाएं उपलब्ध



**शिवानी अग्रवाल**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग से पनियाली मार्ग, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल**

सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ।



**चेयरमैन प्रमोद त्यागी**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**विपिन कुमार**
चौकी प्रभारी
तल्हेडी बुजुर्ग



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**बाबूराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेगमपुर
तल्हेडी बुजुर्ग



सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



**अंकुर सैनी**
(सभासद)
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत छुटमलपुर